Page 11 | Page 09

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**तिलक वर्मा का तूफान : 56 गेंद पर कूटे 136 रन, 259 का लक्ष्य किया चेज, अमन राव की...**



देश

**सीएम विजय ने तमिलनाडु विधानसभा में दिया 'रील' से 'रियल' तक का जोरदार भाषण**

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 24 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 202 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,33,750 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**1564 : भारत की वीरांगना महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद हुई।**

**1961 : भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।**

### मुख्यमंत्री ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**पटना (नि.सं.)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सीएम सम्राट चौधरी ने की विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक

# सभी सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस : सीएम

**तकनीकी शिक्षा को उद्योगों से जोड़ा जाएगा, रोजगार और नवाचार पर फोकस**

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय सचिव हिमांशु शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, नामांकन, प्लेसमेंट, आधारभूत संरचना, अनुसंधान तथा विभाग की भावी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि तकनीकी संस्थानों का राज्य के विज्ञान केंद्रों एवं साइंस पार्कों से समन्वय स्थापित किया जाए तथा विद्यार्थियों में विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की उपलब्धियों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, आधारभूत संरचना, प्लेसमेंट और विद्यार्थियों की सफलता पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो तैयार कर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक छात्र तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित हों।



### रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक संस्थान में रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं, सेमिनार और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाएं। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के साथ सहयोग बढ़ाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक औद्योगिक अनुभव उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित कर बिहार को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जाए। सभी अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण, उपकरणों का नियमित उन्नयन तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही संस्थानों की वेबसाइट एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म को लगातार अद्यतन रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों को सभी आवश्यक जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने तकनीकी शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन के लिए समर्पित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता तकनीकी शिक्षा को रोजगार, उद्यमिता और नवाचार से जोड़ना है। सरकार चाहती है कि बिहार के छात्र-छात्राएं राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करें और यहीं रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर हासिल करें।

बैठक में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, विभागीय सचिव हिमांशु शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस के नियम हुए सख्त : एलएमभी लाइसेंस के लिए ड्राइविंग स्कूल का प्रमाणपत्र होगा अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना

बिहार में लाइट मोटर व्हीकल (एलएमभी) यानी हल्के वाहनों का ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अब आवेदकों को राज्य के निबंधित (पंजीकृत) ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके लिए बिहार मोटरगाड़ी नियमावली में जल्द ही आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य नए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के प्रति बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करना है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सके। यह बड़ा निर्णय मंगलवार को बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। यह अहम फैसला परिवहन विभाग के मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नोडल पदाधिकारियों सहित सड़क सुरक्षा परिषद से जुड़े सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स शामिल हुए। इस दौरान परिवहन सचिव राज कुमार, एडीजी मुख्यालय सुधांशु कुमार, बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग ने राज्य के सभी जिलों का एक वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित एक मानक मार्गदर्शिका (रोड सेफ्टी गाइडलाइन) भी तैयार कर सभी जिलों को उपलब्ध करा दी गई है। इसी तैयार मार्गदर्शिका के आधार पर ही राज्य के सरकारी एवं गैर-सरकारी वाहन चालकों को नियमित रूप से सड़क सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### राज्य में खुलेंगे कुल 66 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल

परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में बिहार में लगभग 41 निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं, जहाँ प्रशिक्षित ट्रेनर्स द्वारा आधुनिक मानकों के अनुरूप ड्राइविंग का कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार द्वारा राज्य में कुल 66 मोटर वाहन चालन प्रशिक्षण संस्थान खोलने की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 41 संस्थान पूरी तरह से खुल चुके हैं और शेष 25 संस्थान वर्तमान में निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### प्रशिक्षण से घटेंगे सड़क हादसे

बैठक को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि बिहार सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशिक्षित चालक ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी होते हैं। वहीं, परिवहन सचिव राजकुमार ने कहा कि विभाग सड़क सुरक्षा को व्यवहारिक रूप से मजबूत करने के लिए 'प्रशिक्षण आधारित मॉडल' पर विशेष जोर दे रहा है। भविष्य में भी सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रशिक्षण, जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा ताकि बिहार में एक सुरक्षित और अनुशासित यातायात संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अंतर्गत संविदा आधारित चयनित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर एवं फाइनेंस मैनेजर का

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह


मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ० इरफान अंसारी
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, सह खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, सह आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड

24 जून, 2026
पूर्वाह्न 11:30 बजे से
प्रोजेक्ट भवन, सभागार, धुर्वा, राँची



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

PR. No.- 383026/IPRD/2026-27

# संक्षिप्त समाचार

## प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगाकर्मियों के साथ बैठक कर योजना का किया समीक्षा

**पकरीबरावां**। मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनोद कुमार मनरेगाकर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया जिसमें विभिन्न पंचायतों के सभी पीआरएस पीटीए जेई के साथ आगामी माह से संस्चालित होने वाले VB रामजी योजना से संबंधित विचार विमर्श करते हुए कई तरह की जानकारी साझा किए। इधर सभी पीआरएस से पंचायत में चल रही योजनाओं का भी समीक्षा किया गया । पीओ बिनोद ने बताया सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि बिचौलियों से दूरी बनाकर काम में पारदर्शी बरतते हुए सरकारी मापदंड के अनुसार विकास कार्य में किसी प्रकार का गड़बड़ी पाये जानेपर संबंधित पर जवाबदेही तय किया जाएगा। बैठक में जेई राकेश प्रसाद पीटीए राजदर्शी पीआरएस अभिमन्यु कुमार मुकेश पासवान दिलीप कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## लापता किशोरी बरामद, एक नाबालिग हिरासत में

**नरहट (नवादा)**। नरहट थाना क्षेत्र से लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार के अनुसार, किशोरी के मां द्वारा थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर जांच शुरू की गई थी। तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल नंबर की पड़ताल के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। वहीं, मामले में एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि बरामद लड़की ने बताया कि मां द्वारा डाट फटकार के बाद हम बड़ी बहन के पास चली गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गौरीगंज बसंतपुर निवासी सोमनाथ ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर ग्रामीण विकास पदाधिकारी बने

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत सागरथ पंचायत के गौरीगंज बसंतपुर निवासी पूर्व मुखिया रामनाथ मंडल के पुत्र सोमनाथ ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर ग्रामीण विकास पदाधिकारी बने हैं। सोमनाथ की सफलता से परिवार के सदस्य काफी खुश हैं।रिजल्ट सुनते ही सोमनाथ के माता जूली देवी, पिता रामनाथ मंडल,बहन सोनम भारती, निशा भारती, कोमल भारती,चाचा बैजनाथ मंगल,चाची रामा देवी, चाचा जगन्नाथ मंगल, चाची अर्चना कुमारी,चाची रोजी देवी,मामा संजय कुमार,नाना जगदीश प्रसाद मंडल ने सोमनाथ को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही पुत्र की सफलता पर समाज के लोगों को भी मुंह मीठा कराया गया। सोमनाथ के माता जूली देवी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका है।पिता रामनाथ मंडल सागरथ पंचायत के मुखिया रहे हैं।बहन सोनम कुमारी फिजियोथैरेपिस्ट है। निशा भारती बीऐड सेकंड ईयर में पढ़ाई कर रही है। कोमल भारती स्नातक की पढ़ाई कर रही है। चाचा बैजनाथ मंडल प्राथमिक विद्यालय खेमपुर में वरीय शिक्षक पद पद स्थापित है। चाचा जगन्नाथ मंडल व्यवसायी है। माता जूली देवी ने कहा कि बीपीएससी का परिणाम सुनते ही पुत्र की सफलता पर काफी खुशी हुई। और कहा कि मुझे बहुत अच्छा लगा और मुझे विश्वास था कि मेरा पुत्र सोमनाथ बीपीएससी का परीक्षा में सफलता हासिल कर हम लोगों का नाम को रोशन करेगा। पिता रामनाथ मंडल ने कहा कि मुझे परिणाम मिलते ही काफी खुशी हुआ। मुझे विश्वास था कि ये बीपीएससी की परीक्षा में सफल होगा। क्योंकि सोमनाथ बचपन से ही पठान-पठान में काफी मेधावी रहा है। सोमनाथ के दादा द्वारिका नाथ मंडल ने बचपन में ही इन्हें आशीर्वाद दिया था कि यह बड़ा होकर बहुत बड़ा पदाधिकारी बनेगा। इसका श्रेय दादा को जाता है। सोमनाथ के पिता रामनाथ मंडल, माता जूली देवी ने कहा कि सोमनाथ का जन्म 5 जनवरी 2001 को हुआ है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा ब्राइट कैरियर आवासीय विद्यालय कुम्हेरी में हुआ है। इन्होंने 2016 में मैट्रिक पास किया है। मैट्रिक में 95% अंक लाया है। इंटरमीडिएट साइंस 2018 में किया है। इंटरमीडिएट साइंस में 77% अंक से उत्तीर्ण किया है।पूर्णिया कॉलेज पूर्णिया से 2023 में बीएससी जूलॉजी विषय से प्रतिष्ठा की डिग्री प्राप्त किया है। स्नातक प्रतिष्ठा की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात इन्होंने दिल्ली में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने चले गये। ग्रामीण विकास पदाधिकारी बने सोमनाथ ने एक भेंट में बताया कि स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली चला गया। दिल्ली में रहकर स्वयं अध्ययन किया। यूट्यूब एवं टेलीग्राम का सहयोग से घर पर रहकर तैयारी किया।

## चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी से कटिहार वासी का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कटिहार**। भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। आग उगलते सूरज, लू और बिजली कटौती ने कूलर-पंखे फेल कर दिये हैं। जिससे दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग पसीना-पसीना होकर बीमार पड़ रहे हैं। पानी की किल्लत और कामकाजी लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ा बाजार निवासी पंकज तम्बाखूवाला ने सुबह उठकर जैसे ही बाहर देखा,आसमान से आग बरस रही थी। जून की भीषण गर्मी में सूरज आग उगल रहा था। हवा में इतनी तपन थी कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। पंकज तम्बाखूवाला ने अपनी पत्नी से कहा, "इस बार तो गर्मी ने हद कर दी है, न बाहर चैन है और न घर के अंदर"।लोग गर्मी से इतने परेशान थे कि दिन भर कूलर और पंखे भी फेल हो रहे हैं। बिजली की अघोषित कटौती ने जीना दूभर कर दिया था। बाहर काम करने वाले मजदूर और किसान चिलचिलाती धूप में पसीना-पसीना हो रहे थे। अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का बुरा हाल है। खासकर रात में सो पाना मुश्किल हो गया है।गर्मी के कारण सिरदर्द,थकान,निर्जलीकरण और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। धूप के कारण दिन में काम करना मुश्किल है। रेहड़ी-पटरी वालों और दिहाड़ी मजदूरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नदी-नाले सूखने की कगार पर हैं और पानी की कमी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।बचाव के उपायःलोग घर से निकलते समय पूरे शरीर को ढक रहे हैं, ताकि तेज धूप से सुरक्षा हो सके। कुछ लोग दिन के बजाय सुबह-सुबह काम निपटाने की कोशिश कर रहे हैं।

# रजौली में जुलाई का अनाज नहीं मिलने से पीडीएस डीलरों में असंतोष

## 90 दुकानों पर डोर स्टेप डिलीवरी ठप, नई एजेंसी के सेटअप का हवाला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



बंद पड़ा पीडीएस गोदाम

**रजौली**। रजौली प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के लगभग 90 दुकानदारों को जुलाई माह का अनाज अब तक डोर स्टेप डिलीवरी के तहत नहीं मिलने से डीलरों में भारी असंतोष है। मंगलवार अर्थात 23 जून तक गोदाम से अनाज का उठाव शुरू नहीं होने के कारण डीलरों को लाभुकों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड मुख्यालय से सुदूरवर्ती सवैयाटांड़, धमनी और फरकाबुजुर्ग पंचायत के डीलरों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिला के अन्य प्रखंडों में जुलाई माह के अनाज की डोर स्टेप डिलीवरी हो चुकी है या जारी है, लेकिन रजौली प्रखंड में अभी तक एक भी डीलर को अनाज नहीं मिला है। डीलरों का कहना है कि हर महीने अंत में अनाज मिलने से वितरण में देरी होती है। प्रखंड के कई पिछड़े पंचायतों में लाभुक समय पर अनाज न मिलने पर डीलरों से फजीहत करते हैं।

**गोदाम बंद, ट्रांसपोर्टर बदलाः-** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम में जानकारी लेने पहुंचने पर गोदाम बंद मिला। मिली जानकारी के अनुसार डोर स्टेप डिलीवरी का काम करने वाले ट्रांसपोर्टर का ठेका किसी दूसरे को मिल गया है। इसके बावजूद अब तक प्रखंड के किसी डीलर को अनाज की आपूर्ति नहीं हुई है और न ही डिलीवरी की तारीख को लेकर कोई सूचना दी गई है। गोदाम प्रबंधक रासबिहारी पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

**एमओ ने बताया कारणः-** इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि डोर स्टेप डिलीवरी की नई एजेंसी अभी सेटअप में लगी हुई है। इसी कारण जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के पास जुलाई माह का खाद्यान्न अब तक नहीं भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है ताकि दुकानदारों को सही समय पर खाद्यान्न मिल सके और लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं डीलरों ने मांग की है कि हर माह की 5 तारीख तक अनाज की डोर स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि गरीब लाभुकों को समय पर राशन मिल सके और उन्हें बेवजह की परेशानी न उठानी पड़े।

# मुहर्रम के सातवें दिन निकला पैकर



मुहर्रम में पैकर बने युवक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। मुहर्रम के सातवें दिन क्षेत्र में परंपरागत तरीके से इमामबाड़ा के पास नमाज फातिया के बाद पैकार निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और या हुसैन के नारों से माहौल गूंज उठा। पैकर जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा, जहां लोगों ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ हिस्सा लिया। जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल तैनात रहे। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पैकार का स्वागत किया। मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। मुहर्रम त्योहार को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में काफी उत्साह है।

# स्वच्छता अभियान को मुँह चिढ़ा रहा कौआकोल प्रखंड कार्यालय

## गंदे पानी से सूखने की कगार पर पीपल का विशाल पेड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल**। एक ओर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,वहीं पूरे प्रखंड को स्वच्छता का संदेश देने वाला कौआकोल प्रखंड कार्यालय खुद ही बदहाल व्यवस्था का उदाहरण बना हुआ है। प्रखंड कार्यालय परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास हमेशा गंदगी का अंबार लगा रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रखंड कार्यालय से सटे रानीबाजार गांव के बाजार क्षेत्र का नाली का गंदा पानी सीधे ब्लॉक परिसर में प्रवेश कर रहा है, जिससे वहां आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लगातार नाली के गंदे पानी के बहाव से ब्लॉक परिसर में वर्षों पुराना एक विशाल पीपल का पेड़ भी अब सूखने की कगार पर पहुंच चुका है। इस पेड़ से लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है,ऐसे में स्थानीय लोगों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक भी सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है। यहां प्रतिदिन बाल विकास, शिक्षा,मनरेगा,आरटीपीएस समेत कई विभागों के कार्यों के लिए सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। पेंशन,कन्या विवाह,विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए आने वाले लोगोंबखासकर महिलाओं को शौचालय नहीं होने के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि जिस प्रखंड कार्यालय पर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी है, वहीं मूलभूत सुविधाओं का अभाव और गंदगी का यह आलम "चिराग तले अंधेरा" वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। यह स्थिति स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# नरहट भाजपा मंडल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता

**नरहट (नवादा)**: प्रखंड क्षेत्र के बेरौटा स्थित मां तारा देवी प्रांगण में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नरहट मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार एवं अनिल राजवंशी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके राष्ट्रवादी विचारों को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार एवं अनिल राजवंशी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श और विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए उनका संघर्ष और बलिदान देश के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

कार्यक्रम में प्रखंड मंडल महामंत्री विवेकानंद, मुरारी सिंह, बिट्टू कुमार, उपेंद्र पांडेय, उमेश प्रसाद, बौधु सिंह आदि भाजपाई उपस्थित थे।

# वारिसलीगंज रेफरल अस्पताल में दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित, 51 दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**वारिसलीगंज (नवादा)**। वारिसलीगंज स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष जांच एवं प्रमाणन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 51 दिव्यांगजनों ने आवेदन जमा कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना, डॉ. राम कुमार तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में आवेदनों का सत्यापन एवं दिव्यांगता संबंधी चिकित्सीय जांच की गई। डॉ आरती अर्चना एवं डॉ रामकुमार ने बताया की दिव्यांगता (Disability) कई प्रकार के हैं जिन्हें भारत के Department of Empowerment of Persons with Disabilities द्वारा मान्यता प्राप्त है।अस्थि दिव्यांगता (Locomotor Disability)– हाथ, पैर, रीढ़ या शरीर के अन्य अंगों की गतिशीलता में कमी,दृष्टि दिव्यांगता (Blindness/Low Vision) – पूर्ण या आंशिक रूप से देखने में असमर्थता।,श्रवण दिव्यांगता (Hearing Impairment) – सुनने की क्षमता में कमी या पूर्ण बहरापन।वाक एवं भाषा दिव्यांगता (Speech and Language Disability) बोलने या भाषा के प्रयोग में कठिनाई। ,मानसिक मंदता (Intellectual Disability) बौद्धिक विकास में कमी।मानसिक बीमारी (Mental Illness) मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार।ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (Autism Spectrum डिसऑर्डर सहित कई प्रकार के दिव्यांगों को

दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सामान्यतः अस्थि, दृष्टि, श्रवण, मानसिक एवं अन्य संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जाती है। तथा अन्य प्रकार की दिव्यांगता से प्रभावित लोगों ने अपनी जांच कराई।

चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर पात्र दिव्यांगजनों को उनकी श्रेणी के अनुरूप दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। शिविर में आए लोगों को दिव्यांग पहचान पत्र (यूडीआईडी) तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना ने बताया कि दिव्यांगजनों को सरकारी सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपनी जांच कराकर आवश्यक प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र बनवाएं ताकि उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

# निःशुल्क न्यूरोथैरेपी शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

## सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। डॉ. लाजपत राय मेहरा के जन्मदिवस के अवसर पर The Deva R & D Foundation द्वारा लाजपत राय मेहरा वाणी न्यूरोथैरेपी ट्रीटमेंट एंड ट्रेनिंग सेंटर (LMNT-RTI) के सहयोग से होटल द सेलिब्रेशन, नवादा में निःशुल्क न्यूरोथैरेपी उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नवादा नगर सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों ने भाग लेकर उपचार का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यूरोथैरेपी एक लाभकारी उपचार पद्धति है और उनके परिवार के सदस्यों ने भी इसका लाभ प्राप्त किया है। उन्होंने नवादावासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय साव ने अपने संबोधन में बताया कि उन्हें अपने सहयोगियों के माध्यम से न्यूरोथैरेपी के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का उपचार कराया, जिससे सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच पूर्व प्रत्याशी इंद्रदेव कुशवाहा का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग दो माह पूर्व उनकी बोलने की क्षमता काफी प्रभावित हो गई थी, लेकिन नियमित न्यूरोथैरेपी उपचार के बाद आज वे स्पष्ट रूप से संवाद करने में सक्षम हैं।

वहीं न्यूरोथैरेपिस्ट *डॉ. दिवाकर* ने न्यूरोथैरेपी के विभिन्न लाभों तथा अनेक मरीजों के सफल उपचार के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित मुरारी जी, भदानी जी, मनोहर पासवान जी, जयशंकर चंद्रवंशी जी, विनोद कुमार जी, मन्नू प्रसाद जी, उदय नारायण जी, श्रवण जी, अरुण जी, राजेश कुमार मुरारी जी एवं सौरभ मोदगल सहित कई लोगों ने भी उपचार से प्राप्त लाभों के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

शिविर के दौरान डॉ. दिवाकर एवं उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया। आयोजकों ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निःशुल्क न्यूरोथैरेपी शिविर आगामी कई दिनों तक होटल द सेलिब्रेशन के हॉल में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# बुधौल में लगा साहित्य, संस्कृति और कला के विभूतियों का जमघट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड का सम्मान, रायबरेली के गोविंद गजब ने गीतों पर झुमाया
- वीणा मिश्रा के उपन्यास और मगही संकलन सहित 3 पुस्तकों का विमोचन

**नवादा**। बुधौल स्थित वीणापाणि महाविद्यालय में साहित्य , संस्कृति और कला के विभूतियों का जबरदस्त जमघट लगा और बिहार ,उत्तर प्रदेश तथा झारखंड के साहित्य संस्कृति और कल से जुड़े लोगों युगल किशोर मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। समाजसेवी युगल किशोर मिश्र की पुण्यतिथि पर सोमवार को बुधौल स्थित वीणा पाणी महाविद्यालय में वरिष्ठ साहित्यकार वीणा मिश्रा की अगुवाई में समान समारोह का आयोजन किया गया था । कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी , हिलसा की पूर्व विधायक और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ उषा सिंहा, वरिष्ठ संपादक विभा रानी श्रीवास्तव, उत्तरप्रदेश के रायबरेली से आए प्रसिद्ध गीतकार डॉ गोविंद गजब तथा झारखंड की ख्याति प्राप्त कवयित्री करुणा कालिका , सूर्यगढ़ा के साहित्यकार डॉ रेखा सिंहा, डॉ सुबोध कुमार तथा प्रो बच्चन पांडेय ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह और संचालन कवि ओंकार शर्मा कश्यप , उत्पल भारद्वाज तथा नितेश कपूर ने किया। इस मौके पर दीप प्रज्वलन और युगल किशोर मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद सम्मान समारोह, ग्राम्य गीत कला प्रदर्शन और काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में डॉ गोविंद गजब ने अपना गीत भगवान भी सोने का हिरण ढूंढ रहे हैं.. का गीत शुरू किया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कवयित्री करुणा कालिका ने अपने मुक्तक और गीतों से लोगों को खूब




आह्लादित किया।

**तीन पुस्तकों का विमोचनः** कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार वीणा कुमारी मिश्रा द्वारा रचित उपन्यास एक मंजिल दो राह तथा उनके द्वारा संकलित मगही संस्कार गीत संकलन का विमोचन किया गया । दोनों पुस्तकों का प्रकाशन स्पर्श प्रकाशन पटना के द्वारा हुआ है। इसके साथ ही गया के साहित्यकार नरेंद्र सिंह की कृति मगही वाटिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भाषा और कला को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्कृति धरोहर की रक्षा तथा कलाकारों के सहयोग के लिए जो भी प्रशासनिक स्तर मदद चाहिए मैं उसमें आप सभी की मदद करुँगी ।

**80 विभूतियों का सम्मान** : कोशिश फाउंडेशन, बुधौल, नवादा की अध्यक्ष वीणा कुमारी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 80 कलाकारों , साहित्यकारों, पत्रकारों, गायक-गायिकाओं और ग्राम्यांचलों के पारंपरिक गीतकारों , समाज सेवियों आदि को शॉल ओढ़ाकर और मोमेटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो भाषा और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रदर्शन में निरंतर क्रियाशील हैं। इस दौरान इप्टा के कलाकारों और बाल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवोत्साह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडेय, मगही मगध नागरिक संघ के अध्यक्ष पारस सिंह, शंभु विश्वकर्मा,अशोक समदर्शी , कवि उदय भारती, गौतम सरगम, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा, बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू , कवि दयानंद गुप्ता, रमेश खन्ना, श्याम सुंदर, रंजन कुमार, आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नालंदा में खुद की किडनैपिंग प्लान करने वाला युवक गिरफ्तार, फर्जी साइबर अफसर बनकर आए थे दोस्त

**नालन्दा**। कर्ज के दलदल से बाहर निकलने और लेनदारों को गुमराह करने के लिए नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र में अपहरण की साजिश की। एक युवक ने खुद ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने अपहरण का हाई-वोल्टेज ड्रामा रचा था। ये परिवार से 10 लाख वसूलने के फिराक में था। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई और तकनीकी सूझबूझ के आगे यह साजिश महज साढ़े तीन घंटे में ढह गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक सहित तीन साजिशकर्ताओं को नवादा के वारसलीगंज से गिरफ्तार कर लिया है। कतरीसराय के संगत टोला निवासी स्वर्गीय टुनटुन प्रसाद का 28 वर्षीय बेटा रौशन कुमार कर्ज के भारी दबाव में था। खुद को इस स्थिति से निकालने के लिए उसने एक हैरान करने वाली योजना बनाई। योजना के तहत उसके कुछ दोस्त उसके घर पहुंचे। उन्होंने खुद को समस्तीपुर साइबर सेल का अधिकारी बताया और रौशन के परिजनों को बकायदा मुहर लगा हुआ एक फर्जी सरकारी पत्र भी दिखाया। पूछताछ का बहाना बनाकर वे रौशन को अपने साथ ले गए। शुरुआती तौर पर रौशन के परिजन इसे असली पुलिसिया कार्रवाई समझकर शांत रहे, लेकिन काफी देर तक संपर्क न होने पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत स्थानीय कतरीसराय थाने को इसकी सूचना दी।

**कतरीसराय पुलिस की मुस्तैदी से साढ़े तीन घंटे में भंडाफोड़ः** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कतरीसराय के अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने तुरंत मोर्चा संभाला। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लगने पर उन्होंने समस्तीपुर साइबर डीएसपी से संपर्क साधा, जहां से किसी भी टीम के कतरीसराय भेजे जाने की बात से साफ इनकार कर दिया गया। मामला फर्जीवाड़े का निकलते ही डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कितकनीकी साक्ष्यों (लोकेशन और सर्विलांस) के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और महज साढ़े तीन घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा करते हुए रौशन कुमार और उसके दो साथियों को वारसलीगंज से गिरफ्तार कर लिया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में मुख्य आरोपी रौशन कुमार ने स्वीकार किया कि उस पर कर्ज है। लेनदारों के बढ़ते दबाव और बदनामी के डर से बचने के लिए उसने इस अपहरण कांड की पटकथा खुद लिखी थी। पुलिस के मुताबिक, इस पूरी साजिश में आधुनिक तकनीक और एआई जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया था, जिसे विफल कर दिया गया। फिलहाल इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी पर कितना कर्ज है।

## ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो, 500 रुपये तक की डिमांड की

**नालन्दा**। नालंदा में ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो जिले के इस्लामपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेशवक का है। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि इसी स्कूल के हेड मास्टर अजय रजक हैं। वीडियो की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हेड मास्टर किसी सरकारी दफ्तर या स्कूल की कुर्सी पर नहीं, बल्कि अपने घर में नंगे बदन आराम से बैठे हैं। वहां वे छात्रों के भविष्य से जुड़े बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज 'टीसी' को काटने का काम कर रहे हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वह सर्टिफिकेट देने के एवज में ग्रामीणों या छात्रों से सीधे पैसों की सौदेबाजी कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह वीडियो करीब 10 दिन पुराना है। वायरल वीडियो के अंश में पैसे के लेन-देन को लेकर जो बातचीत सुनाई दे रही है, वह बेहद हैरान करने वाली है। बातचीत में 100, 200 और 500 रुपये तक की मांग की जा रही है। वीडियो में मैट्रिक और इंटर के छात्रों से प्रैक्टिकल और टीसी के नाम पर अलग-अलग रकम वसूलने का जिक्र साफ सुना जा सकता है। मोलभाव के दौरान जब सामने वाला व्यक्ति पैसे न होने की मजबूरी जताता है, तो प्रिंसिपल कड़े रुख में 200 रुपये से कम न लेने की बात पर अड़ जाते हैं। यह पूरी बातचीत इस बात का पुख्ता सबूत है कि स्कूल में बिना सुविधा शुल्क के सरकारी काम नहीं हो रहा है।

**हेड मास्टर बोले- मैं वीडियो में नहीं हूंः** इस पूरे मामले पर जब आरोपी प्रधानाध्यापक अजय रजक से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कैमरे पर दिखने वाले व्यक्ति को खुद मानने से साफ इनकार कर दिया और टीसी के नाम पर किसी भी तरह की अवैध वसूली की बात को पूरी तरह से नकार दिया। हालांकि, वायरल वीडियो ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली और प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है, और अब इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के दखल और सख्त कार्रवाई का इंतजार है। इस्लामपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच करने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। अगर मामला सही पाया गया, तो संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की जाएगी।

## गैस एजेंसी पर दबंगों का तांडव, कर्मियों को पीटा, तोड़फोड़ कर रंगदारी में ले गए सिलेंडर

**नालंदा**। नालंदा के तेलमर थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी के दफ्तर में घुसकर अपराधियों ने न केवल जमकर उत्पात मचाया। जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए रंगदारी के तौर पर गैस सिलेंडरों की मांग की। विरोध करने पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एजेंसी के स्टाफ और बीच-बचाव करने आए एक ग्राहक को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी वारदात कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना तेलमर थाना क्षेत्र की है। गैस एजेंसी के मालिक मिथलेश रविदास ने थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित संचालक ने बताया कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे उनका स्टाफ अतुल कुमार कंप्यूटर पर गैस वितरण का काम देख रहा था। इसी दौरान एक स्थानीय युवक दफ्तर में दाखिल हुआ और उसने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आते ही इन अपराधियों ने रंगदारी के तौर पर छह सिलेंडर की मांग शुरू कर दी। जब स्टाफ ने इसका विरोध किया, तो अपराधियों ने पहले से तैयार रणनीति के तहत लोहे की रॉड, ईंट और छोटे सिलेंडरों से दफ्तर पर हमला बोल दिया।

**2 लाख का हुआ नुकसानः** हमलावरों ने दफ्तर के मुख्य गेट का शीशा चकनाचूर कर दिया। अंदर रखे एक लैपटॉप, दो डेस्कटॉप, दो मॉनिटर और दो प्रिंटर को बुरी तरह तोड़ दिया। जिससे करीब दो लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस दौरान अपराधियों ने स्टाफ अतुल कुमार को जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद ग्राहक रौशन कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के राहगीर और ग्रामीण अपराधियों को पकड़ने के लिए दौड़े, तो बदमाशों ने कट्टा लहराकर सबको डरा दिया। अपनी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। भागते वक्त अपराधी बाहर रखे करीब तीन गैस सिलेंडर भी जबरन अपने साथ लूटकर ले गए।

**'हत्या की दी जा रही है धमकी'ः** पीड़ित मिथलेश रविदास ने बताया कि अपराधी उन्हें जाति को लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि वे उन्हें किसी भी कीमत पर यहां गैस एजेंसी नहीं चलाने देंगे। जाते-जाते अपराधियों ने धमकी दी है कि अगर दोबारा स्टाफ काम पर आया तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। इस जानलेवा हमले में घायल स्टाफ अतुल कुमार और ग्राहक रौशन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में सदर अस्पताल बिहार शरीफ रेफर किया गया है।

**आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांगः** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुख्य आरोपियों की पहचान तेलमर के मुस्तफ्फापुर निवासी विक्की यादव, रिशु यादव, शिशु यादव और सौरभ यादव के रूप में हुई है। जबकि इनके साथ तीन-चार अन्य अज्ञात अपराधी भी शामिल थे। संचालक ने पुलिस प्रशासन से अपनी और अपने कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए सभी नामजद और अज्ञात अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# अग्नि सुरक्षा में लापरवाही आई सामने, 50 होटल-30 अस्पताल सहित 7 कोचिंग संस्थान पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गयाजी में अग्नि सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के लिए अग्निशमन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। जिला फायर ऑफिसर अमन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि जिले के होटल, अस्पताल और कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच की जा रही है। जांच में गंभीर कमियां पाए जाने के बाद विभाग ने नोटिस जारी कर समयबद्ध अनुपालन का निर्देश दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में कमियां दूर न करने वाले संस्थानों के खिलाफ भवन सील करने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब तक 70 अस्पतालों और 173 आवासीय होटलों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन में कई गंभीर खामियां सामने आई हैं।






**12 अस्पतालों को 15 दिनों का नोटिसः** जांच के प्रथम चरण में 50 होटलों और 12 अस्पतालों को 15 दिनों का नोटिस दिया गया था, लेकिन कई संस्थानों ने सुधारात्मक कदम नहीं उठाए। इसके बाद बिहार अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2014 की धारा 34, 35-43(02) और बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के नियम 22(ख) के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला फायर ऑफिसर अमन कुमार सिन्हा के अनुसार, निरीक्षण के दौरान भवनों में अग्निशमन उपकरणों की कमी, आपातकालीन निकास व्यवस्था का अभाव, फायर अलार्म सिस्टम की अनुपलब्धता और अन्य सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई गई। इन कमियों को दूर करने के लिए अब 50 होटलों और 30 अस्पतालों को एक सप्ताह के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि इस अंतिम नोटिस के बाद भी संबंधित संस्थान अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके भवन या परिसर को खाली कराने और सील करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहींः** जिला फायर ऑफिसर अमन कुमार सिन्हा का कहना है कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में मंगलवार को गया जिले के 8 होटलों और 6 अस्पतालों का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पहले से चिन्हित कमियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित प्रबंधन को शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विभागीय टीम ने कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

**सुरक्षा व्यवस्था पर भी अग्निशमन विभाग की नजरः** अस्पतालों और होटलों के अलावा कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी अग्निशमन विभाग की नजर है। जिले के कुल 15 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 7 संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं पाई गई। इन संस्थानों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास और सुरक्षा मानकों की कमी उजागर हुई। इसके बाद संबंधित संचालकों को बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के तहत नोटिस जारी कर आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपाय तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अग्निशमन विभाग ने सभी होटल संचालकों, अस्पताल प्रबंधनों और शैक्षणिक संस्थानों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पूरी गंभीरता से पालन करें।

# मोमो खा रहे युवक को कार ने मारी टक्कर मौत, गुस्साए लोगों ने किया रोड जाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गयाजी विष्णुपद थाना क्षेत्र के खटकाचक मोड़ पर मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर मोमो खा रहे एक व्यक्ति को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में मोमो खा रहा युवक करीब 10 फीट हवा में उछल गया और फिर सिर के बल सड़क पर गिर गया। इससे उसका सिर बुरी तरह से जख्मी हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। पास में लगी मोमो की एक ठेला भी इस टक्कर की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक की पहचान मंगलागौरी बाईपास निवासी रामप्रवेश प्रजापति के रूप में की गई है। वह एक निजी इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सेंटर में काम करता था।



**मोमो खाने व बातचीत करने के दौरान पीछे से मारी टक्करः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रामप्रवेश प्रजापति अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर किसी से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार झारखंड नंबर की एक अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामप्रवेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों को जुटता देख आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**करीब दो घंटे तक सड़क जाम, जमकर हुआ बवालः** हादसे से गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने खटकाचक मोड़ को पूरी तरह जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब 3 घंटे तक सड़क पर प्रदर्शन और बवाल चलता रहा, जिससे इस रूट पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

**पुलिस के आश्वासन के बाद शांत हुए लोग, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजाः** घटना की सूचना मिलते ही विष्णुपद थानाध्यक्ष परमानंद लाल कर्ण दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों को हादसे की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी-1 सरोज कुमार साह घटनास्थल पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी और उचित कानूनी कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने जाम हटाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

# गयाजी से नीट सॉल्वर गैंग का कनेक्शन, मेडिकल कॉलेज के 2 छात्र अरेस्ट

### हॉस्टल के कमरों में छापेमारी, टैब और डॉक्यूमेंट्स बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। नीट यूजी री-एग्जाम में सॉल्वर गैंग का कनेक्शन गयाजी के मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल से सामने आया है। मेडिकल कॉलेज के 2 स्टूडेंट्स की गिरफ्तारी हुई है। मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी छात्र अर्पित सिंह खुद कभी परीक्षा केंद्र के अदर नहीं जाता था, बल्कि वह मोटी रकम और प्रलोभन देकर अपने ही दोस्तों को डमी कैंडिडेट बनाकर परीक्षा हॉल में भेजता था। प्रशासन और जांच एजेंसियों की इस बड़ी कार्रवाई से पूरे शिक्षा जगत और चिकित्सा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। रविवार को आयोजित हुई नीट री-एग्जाम के दौरान प्रशासनिक मुस्तैदी और खुफिया इनपुट के आधार पर लखीसराय जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुल 9 फर्जी परीक्षार्थियों को रंगे हाथो गिरफ्तार किया। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत अब तक कुल 9 फर्जी परीक्षार्थियों को जेल भेजा जा चुका है। दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।



**अर्पित सिंहः खुद पर्दे के पीछे रहकर चला रहा था खेलः** इस पूरे रैकेट में मगध मेडिकल कॉलेज के चौथे वर्ष के छात्र अर्पित सिंह और विवेक कुमार का नाम सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन हैरान हैं। जांच एजेंसी और अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अर्पित सिंह काफी समय से जांच एजेंसियों के रडार पर था। सीबीआई की टीम भी कुछ दिन पहले कॉलेज पहुंची थी। गुपचुप तरीके से अर्पित की गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। सूत्रों का कहना है कि अर्पित सिंह कभी भी खुद सेंटर के अंदर दूसरे के बदले परीक्षा देने नहीं जाता था। वह सॉल्वरों को पैसे का लालच देकर तैयार करता था और उन्हें परीक्षा केंद्रों पर भेजता था। अंदरखाने से मिल रही खबरों के अनुसार, अर्पित इस तरह की धांधली का कृत्य पहले भी कई बार कर चुका है। उसमें सफल भी रहा था। इसी पुख्ता इनपुट के बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर उसे और उसके साथी विवेक को दबोच लिया।

**देर रात हॉस्टल के कमरों में सर्च ऑपरेशन, मिले कई अहम दस्तावेजः** लखीसराय में हुई इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस की कार्रवाई का दायरा गयाजी तक फैल गया। रविवार की रात सिटी डीएसपी धर्मेंद्र भारती और मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मगध मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में छापेमारी की। पुलिस ने आरोपी छात्रों के कमरों की गहन तलाशी ली। इस हाई-प्रोफाइल सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दोनो आरोपी स्टूडेंट्स के कमरों से एक इलेक्ट्रॉनिक टैब, पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड) समेत कई अन्य महत्वपूर्ण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक, आरोपी छात्र पिछले कुछ दिनों से कॉलेज परिसर और अपनी कक्षाओं से भी लगातार गायब चल रहे थे, जिससे उन पर शक और गहरा गया था। इस गंभीर मामले पर मगध मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर लता शुक्ला द्विवेदी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही पुलिस और जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए छात्रों की सूची कॉलेज प्रशासन को मिली तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई। अर्पित सिंह और विवेक कुमार को कॉलेज से निष्कासन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्राचार्या डॉ. लता शुक्ला द्विवेदी ने स्पष्ट कहा कि जो छात्र इतनी गंभीर अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं। उन्हें मेडिकल कोर्स पूरा करने की अनुमति कतई नहीं दी जा सकती।

# जमीन नापी के दौरान युवक पर हमला, दूसरे पक्ष ने चाकू से किया अटैक, सिर में लगी चोट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गयाजी के कोंच प्रखंड अस्लेमपुर पंचायत के सिंघड़ा मठिया गांव में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस आपसी मारपीट में दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। देखते ही देखते इस विवाद ने खूनी रूप ले लिया और एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। उसके सिर व पजंड़े में गंभीर चोट हैं। फिलहाल जख्मी युवक को कोंच सरकारी अस्पताल से गयाजी के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आया। कोंच थाना अध्यक्ष सुदेह कुमार के आदेश पर एएसआई शैलेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मामले की पूरी जानकारी जुटाई। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है।

**पुरानी रंजिश में चाकूबाजीः** पीड़ित पक्ष के ग्रामीण विक्कु कुमार ने बताया कि यह हमला उनके भाई विकास कुमार पर किया गया है। आरोप है कि गांव के ही नीरज कुमार और उसके साथ आए कुछ अन्य लोगों ने मिलकर विकास को घेर लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने के कारण विकास जमीन पर गिर गया और अत्यधिक खून बहने की वजह से उसकी हालत बिगड़ने लगी। घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने घायल विकास को इलाज के लिए सीधे कोंच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में भर्ती कराया। मारपीट की वजह पूछे जाने पर विक्कू ने बताया कि जमीन की नापी हो रही थी। इसी दौरान बहस हुई, जिसने मारपीट का रूप ले लिया। हालांकि इस मारपीट के पीछे की वजह प्रेम सम्बन्ध की चर्चा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविरंजन कुमार और डॉ. सुलक्षणा मिश्रा की देखरेख में मेडिकल टीम (एएनएम संध्या कुमारी, रामानुज कुमार ने तुरंत घायल युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक, युवक के शरीर पर गहरे जख्म हैं और काफी खून बह चुका है। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर और उच्च स्तरीय इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पुलिस घटना के हर पहलू की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। उन्होंने साफ किया किथाने में कोई लिखित शिकायत या आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस को जैसे ही पीड़ित या किसी भी पक्ष की तरफ से लिखित आवेदन मिलता है।

# गयाजी में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने दिया धरना, कहा- मानदेय बकाया है, निजीकरण को रोका जाए, जल्द कार्रवाई हो

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज गयाजी शहर के गांधी मैदान स्थित गेट संख्या-7 पर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने धरना-प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला मंत्री मंजू कुमारी की देखरेख में किया गया, जबकि धरना की अध्यक्षता अनीता झा ने की। बड़ी संख्या में उपस्थित सेविका और सहायिकाओं ने सरकार और प्रशासन के सामने अपनी लंबित मांगों को उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक व उग्र रूप दिया जाएगा।





**समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रहीः** धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मी सालों से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। प्रमुख मांगों में आईसीडीएस के निजीकरण की किसी भी कोशिश पर तत्काल रोक लगाना शामिल है। जिला मंत्री मंजू कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने के बजाय निजीकरण की नीति अपनाना गरीब और वंचित वर्ग के हितों के खिलाफ है। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।

**सहायिकाओं का मानदेय लंबे समय से बकायाः** मंजू कुमारी ने बताया कि कई सेविका और सहायिकाओं का मानदेय लंबे समय से बकाया है, जिसका भुगतान तत्काल किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से घोषित गर्मी की छुट्टी केवल कागजों तक सीमित रहती है, क्योंकि इस दौरान भी आंगनबाड़ी कर्मियों से विभिन्न प्रकार के काम लिए जाते हैं। इसलिए उन्हें भी अन्य कर्मचारियों की तरह वास्तविक अवकाश का फायदा मिलना चाहिए। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अन्य राज्यों में आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी और कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जबकि बिहार में अब तक ऐसी व्यवस्था लागू नहीं की गई है।

**मांग-पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग कीः** प्रदर्शन के बाद, जिला संघ, गया के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को एक मांग-पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से मानदेय में वृद्धि की मांग करते हुए कहा कि पिछले दस साल से मानदेय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच वर्तमान मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। धरना के अंत में संघ की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो राज्यव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे वृद्ध घायल, रेफर

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कटिहार गांव कश्मीर टोल टैक्स के पास अज्ञात स्कॉर्पियो ने एक 60 वर्षीय वृद्ध मे ठोकर मार दी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध बिक्रमगंज करवनी निवासी गुप्त सिंह के 60 वर्षीय पुत्र रामनवमी सिंह बताए जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि वृद्ध जमीनी कार्य से चिताव गांव आया था, जहां कटियारा टोल टैक्स पैदल होते हुए चिताव के तरफ जा रहे थे की तेज रफ्तार से और स्कार्पियो ने कुचलते हुए तथा टोल टैक्स की ब्रैकेटिंग तोड़ते हुए भाग निकला, स्थानीय लोगों की सहयोग से वृद्ध को घायल अवस्था में इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने सर पैर में गंभीर चोट तथा गाल फटने की बात कह बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। गलीमत रही की टोल टैक्स के कर्मी सड़क पर खड़े नहीं थे नहीं तो बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती थी।


### पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने ग्रामीण विकास पदाधिकारी सोमनाथ से मिलकर दिया बधाई

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत सागरथ पंचायत के गौरीगंज बसंतपुर निवासी रामनाथ मंडल (पूर्व मुखिया) के पुत्र सोमनाथ ने ग्रामीण विकास पदाधिकारी बनकर दिल्ली से बीती मध्य रात्रि घर पहुंचे। सोमनाथ दिल्ली से वायुयान से बागडोगरा हवाई अड्डा आये। बागडोगरा हवाई अड्डा से परिवार के सदस्यों ने रिसीव करते हुए बीती मध्य रात्रि घर पहुंचे।आज सुबह से इनके घर पर बधाई देने और सोमनाथ से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का आना जाने का सिलसिला जारी रहा। आज दिन भर सोमनाथ के साथ फोटो सेशन कार्यक्रम चलते रहा। इसी क्रम में पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह अपने समर्थकों के साथ सुबह 9:30 बजे सुगत पंचायत के पूर्व मुखिया रामनाथ मंडल के घर पहुंचे। पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने ग्रामीण विकास पदाधिकारी सोमनाथ से मिलकर बधाई देने के साथ-साथ बहुत आशीर्वाद दिया।मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पारिवारिक सदस्यों के बीच पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह और उनके साथ सरपंच मनोरंजन मेहता, पिंटू यादव, महेंद्र विश्वास, गोवर्धन बूबना,महेंद्र शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने फूल का माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने कहा कि सागरथ पंचायत के पूर्व मुखिया रामनाथ मंडल से मेरा पिछले 30-40 वर्षों से पारिवारिक संबंध रहा है। यह समाज के हित के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करते आ रहे हैं। रामनाथ मंडल सागरथ पंचायत के मुखिया भी रहे हैं। मुखिया कार्यकाल में इन्होंने अपने पंचायत का सर्वांगीण विकास किया है। पूर्व मंत्री हिमराज सिंह ने कहा कि रामनाथ मंडल को एक पुत्र सोमनाथ,तीन पुत्री सोनम भारती,निशा भारती,कोमल भारती है। सभी बच्चें पठन-पाठन में काफी मेधावी है और आज उनके पुत्र सोमनाथ ने पहले प्रयास में बीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ग्रामीण विकास पदाधिकारी बन गया हैं। जो हम लोगों के लिए गौरव की बात है। सोमनाथ ने केवल अपने परिवार या समाज का सर ऊंचा नहीं किया है,बल्कि कटिहार जिले का नाम को रोशन करने का कार्य किया है। पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने कहा कि सोमनाथ बचपन से ही काफी मेधावी रहा है और हम सभी को विश्वास था कि एक दिन बहुत बड़ा अफसर बनेगा। और आज वह दिन आ गया की सोमनाथ ग्रामीण विकास पदाधिकारी बनकर हम लोग के बीच हैं। पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने पुनः आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप दिन दुगनी रात चौगुनी हर क्षेत्र में अपना परचम लहराये।हर क्षेत्र में विजई हो। आपकी सफलता हम लोगों की सफलता होगा।पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने कहा कि जब सोमनाथ छोटा था हमने इस समय इनका आशीर्वाद दिया था कि एक दिन के बहुत बड़ा अफसर बनेगा। इस क्षेत्र के बच्चें से खासकर कहा कि इस क्षेत्र के छात्राओं को सोमनाथ से प्रेरणा लेनी चाहिए कि इन्होंने महज 25 वर्ष की उम्र में कड़ी मेहनत और तपस्या कर पहले प्रयास में ग्रामीण विकास पदाधिकारी बन गया हैं। पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह ने सोमनाथ के माता जूली देवी, पिता रामनाथ मंडल,चाचा बैजनाथ मंडल, जगन्नाथ मंडल व पारिवारिक सदस्य को भी बहुत-बहुत बधाई दिया है।

### कटिहार में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कटिहार।** नगर थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता डीएम आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने किया। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी सद्भाव एवं भाईचारे का प्रतीक है। सभी समुदायों के सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। एसपी परिचय कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह, भड़काऊ भाषण अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एवं सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी परिचय कुमार ने कहा कि जिले के संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कटिहार पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए है। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी तथा ड्रोन कैमरों की सहायता से भी जुलूस मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर निगरानी रखी जाएगी।

### एम जे एम महिला कालेज केंद्र पर इग्नू की परीक्षा कदाचार मुक्त संचालित : डा राजीव कुमार सिंह



**कटिहार।** इग्नू के एम जे एम महिला कालेज केंद्र में इग्नू टर्म इंड एग्जाम जून 2026 का सफल संचालन पहली जून से हो रहा है। यह परीक्षा आगामी 21 जुलाई 2026 तक संचालित होगी।यह जानकारी केंद्राधीक्षक डा राजीव कुमार सिंह ने दी और कहा कि क्षेत्रीय निदेशक डा प्रो मिर्जा निहाल बेग एवं प्राचार्या डा दीपाली मंडल के कुशल निर्देशन में कदाचार मुक्त वातावरण में शांति पूर्वक परीक्षा संचालित ह रही है। ऊर्जावान केंद्राधीक्षक डॉ सिंह ने कहा कि परीक्षा दोनों पालियों में ली जा रही है। कटिहार में तीन इग्नू सेंटर डी एस कालेज, के बी झा कालेज और एम जे एम महिला कालेज में टर्म इंड एग्जाम प्रारंभ है ,जो आगामी 21 जुलाई 2026 तक संचालित होगी। सनद रहे कि डायरेक्टर प्राचार्या डा दीपाली मंडल, केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार सिंह और क्षेत्रीय इग्नू सेंटर सहरसा के क्षेत्रीय निदेशक डा मिर्जा निहाल बेग के दिशा निर्देश में बच्चों के शैक्षणिक केरियर उन्नयन में नया आयाम जुड़ा है।इस दिशा में एम जे एम महिला कालेज लर्निंग सपोर्ट सेंटर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इससे बच्चे-बच्चियों को शिक्षा ग्रहण में सहूलियत हो रही है। इस कालेज में इग्नू लर्निंग सपोर्ट सेंटर की बहुत जरूरत थी, जो पूरा हुआ। इसके लिए इग्नू कार्यालय और कालेज परिवार साधुवाद के पात्र हैं।

# चौक स्थित तिवारी मुहल्ला की गली में जल जमाव से परेशानी



- बगल का एक एकड खाली परती भूमि जल मग्न होकर तलाब में तब्दील
- सडन व दुर्गन्ध से लोगों का जिना मुहाल, बीमारी फैलने का बढा खतरा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय राजपुर वार्ड संख्या ग्यारह चौक स्थित तिवारी मुहल्ला की गली में जल जमाव एवं कीचड रहने से परेशानी हो रही है.लगभग दो सौ मीटर दुरी में वर्षो से जल जमाव बना हुआ है. मुहल्ले के बगल में लगभग एक एकड परती खाली पडा भूमि जल मग्न हो तलाब में तब्दील है.जिसमें सडन एवं दुर्गन्ध से आस पडोस के लोगों का जिना मुहाल बना हुआ है.बीमारी फैलने की खतरा प्रबल हो गई है. सैकडों लोग प्रतिदिन उक्त गंदगी से गुजरने के लिए मजबूर हैं.कीचड वाले स्थल से कुछ दुरी पर एक कोचिंग संस्थान चलाया जाता है.जहां सैकड़ो छात्र छात्राएं पहुंचती है.

पंचायत के मुखिया रंजू देवी, उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह, राजपुर प्रमुख कुंती देवी,उनके समाजसेवी बेटा अभिषेक तिवारी,राजपुर जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी भी इसी गली मुहल्ले से आती जाती हैं.बावजूद भी प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है.

उक्त गली में दिनेश चौधरी,उमेश चौधरी, अम्बिका प्रसाद, अवध महतो,धनजी यादव, धर्मेंद्र साह ,शशिलाला,धर्मेंद्र चौधरी आदी प्रतिष्ठित लोगों का मकान अवस्थित है.सभी लोगों ने बताया कि नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला पानी जल जमाव का कारण है.समस्या विगत कई वर्ष से बना हुआ है.नाली निर्माण के लिए पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ से विगत कई वर्ष से गुहार लगाया जा रहा है.सभी लोगों द्वारा विकास राशि का अभाव दिखाते हुए आश्वासन प्रदान करने की नीति अपनाई जा रही है. मामले में पंचायत के मुखिया रंजू देवी एवं उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह ने बताया कि विकास राशि मिलने पर नाली का निर्माण करवाया जाएगा.

## शहीद भरत भूषण तिवारी के शहादत पर निकल गया कैंडल मार्च



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोथा पंचायत के संसार डिहरी ग्राम में मां काली मंदिर के दरबार से सैकड़ो के संख्या में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च । माँ दरबार से कैंडिल मार्च निकाल करके पूरे गांव में भ्रमण किया गया कैंडल मार्च के समय भरत भूषण तिवारी अमर रहे, भरत भूषण तिवारी को न्याय दो ,हत्यारा को फांसी दो ,भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा दो , कितने भरत को मरोगे हर घर से भरत निकलेगा ,भारत माता की जय, वंदे मातरम इत्यादि और स्लोगन और नारा के साथ कैंडल मार्च निकाला गया कैंडिल मार्च के दौरान लोगों के आंखें नम रही।यह कार्यक्रम मानवता सेवा संघ के संस्थापक रजनीकांत पांडेय के नेतृत्व में किया गया मौके पर बबन पाण्डेय ,कृष्ण पाण्डेय , भूत पूर्व सैनिक संघ महासचिव मनोज कुमार पांडेय,रामजी पांडेय उर्फ बड़क बाबा,गुंजन पाण्डेय ,बबलू पाण्डेय , सत्येंद्र पाण्डेय उर्फ तिवारी बाबा, रविकांत पांडेय, लवकुश पांडेय,सत्यम पाण्डेय ,शंभू पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, पिंटू पाण्डेय, विकास कुमार पांडेय,सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# किसानों-मजदूरों की समस्याओं को लेकर भाकपा-माले का धरना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सात सूत्री मांगपत्र सौंपा**



**काराकाट।** किसानों, मजदूरों, राशन, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर भाकपा (माले) द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा-माले के प्रखंड सचिव राजेंद्र सिंह ने की।

धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के किसान, मजदूर एवं गरीब तबके के लोग कई बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से समाधान नहीं किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के मुख्य वक्ताएं अवधेश सिंह, जयन्द्र चौधरी, विनोद राम एवं अन्य वहीं इसके विरोध में प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सात सूत्री मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया। मांगों में वीबीजीआरएएम योजना के तहत काम देने एवं बकाया भुगतान, बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित लोगों को आवास उपलब्ध कराने, राशन कार्ड एवं प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने, वंचित किसानों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने, भूमिहीन एवं गरीब परिवारों को जमीन पर दखल दिलाने, आवासीय भूमि पर बसे गरीबों को उजाड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा सभी किसानों की फसल क्षति का सर्वे कर पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर निस्तारण करने की मांग शामिल है। धरना में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड प्रशासन को मांगपत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

# मठ के महंत समेत तीन लोगों ने टीबी मरीजों को लिया गोद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर (रोहतास)।** स्थानिय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकृत टीबी मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल हेतु आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को क्षेत्र के तीन मरीजों को गोद लिया गया. जानकारी देते हुए टीबी मरीजों के प्रखंड स्वास्थ्य सुपरवाइजर मो बख्तियार अहमद ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत कुल 16 टीबी मरीज ईलाजरत हैं. सभी के स्वास्थ्य में जल्द से जल्द सुधार हो इसके लिए सभी तरह के आवश्यक कार्रवाई किया जा रहे हैं. उचित मिनरल व प्रोटीन युक्त आहार व्यवहार उपलब्ध कराने के लिए मरीजों को गोद लेने की कार्रवाई किया हो रहा है.

मंगलवार को बरना गांव निवासी टीबी मरीज जनार्दन पाण्डेय के बेटा लालमोहर पाण्डेय को क्षेत्र के अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ के महंत सुदर्शनाचार्य द्वारा अगामी छः महीने तक मदद प्रदान किये जाने को लेकर गोद लिया गया. वहीं कुझी गांव निवासी राम बचन राम के बेटा लालबाबु पासवान को प्रखंड आशा मैनेजर विकास कुमार एवं कुझी गांव के सौरभ पासवान के बेटा रंजन पासवान को प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संदीप कुमार द्वारा मदद के लिए गोद लिया गया.

मौके पर अस्पताल कर्मी नवीन कुमार गौतम, एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी, बडा बाबु मनोज कुमार,सुनिता कुमारी,धीरज कुमार,सुरक्षा कर्मी मुन्ना पाण्डेय,प्रकाश तिवारी,बिनोद यादव,समेत अन्य मौजूद रहे.

# चंदन भगत को जनता दल यूनाइटेड पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने से हर्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- जिला व विधानसभा के जदयू के नेताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत भोगोंव पंचायत के भोगोंव पुराना सोनौली निवासी किसान दिलीप कुमार भगत के जेष्ठ पुत्र चंदन भगत को जनता दल यूनाइटेड पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। चंदन भगत वर्तमान में जदयू के जिला महासचिव रहते हुये पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनाये जाने पर जिला व विधानसभा के जदयू के नेताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।प्रदेश कार्यकारणी सदस्य चंदन भगत को बधाई देने का सिलसिला जारी है। चंदन भगत का जन्म 8 जनवरी 1984 को भोगोव पुराना सनौली निवासी दिलीप कुमार भगत एवं जयंती देवी के घर हुआ है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा भोगोव में हुआ है। इन्होंने 2001 में ए.एल.हाई स्कूल सनौली से मैट्रिक पास किया है। 2008 में इग्नू से आईएससी की डिग्री प्राप्त की है। यह दो भाई एक बहन है। भाई बहन में सबसे बड़े हैं। चंदन भगत ने छात्र जीवन से ही समाज सेवा में जुट गए हैं। इन्होंने 2007 में जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। उनके कार्य प्रणाली और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए 2008 में इन्हें छात्र जदयू का कदवा प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया। 2011 तक इन्होंने प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को संगठित करने का कार्य किया।इनके कार्य को देखते हुए जदयू के आला कमान ने 2011 में जदयू का प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया। इन्होंने 2015 तक जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी में सदस्यता अभियान के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। इसके कार्य को देखते हुए पार्टी आला कमान ने 2016 में इन्हें जदयू जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। 2019 तक इन्होंने जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पार्टी के हर गतिविधि में हिस्सा लेने का कार्य किया। इन्हें 2022 में जदयू के जिला महासचिव बनाया गया है और अब तक इस पद पर हैं। इन्होंने गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक पार्टी के हित में कार्य करते आ रहे हैं।चंदन भगत काफी छोटी सी उम्र में इस मुकाम पर पहुंच गया है।

## पुलिस बस और ट्रक की टक्कर में 9 सिपाही घायल, सभी खतरे से बाहर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**संझौली /रोहतास।** थाना क्षेत्र के सुसाड़ी गांव के समीप मंगलवार को एक पुलिस बस और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में 9 पुलिसकर्मी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मियों को लेकर जा रही बस सुसाड़ी गांव के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में बस पर सवार 9 सिपाहियों को चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि सभी घायल पुलिसकर्मी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# एनएचएम कर्मियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समान वेतन एवं सुविधाओं की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





- भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में सम्पन्न

**कटिहार/पटना।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों,आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक का उद्घाटन बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि देश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में एनएचएम कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोविड-19 महामारी के दौरान एनएचएम कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जिस समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य किया, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम कड़ी तक पहुंच सुनिश्चित करने में एनएचएम कर्मियों का योगदान अविस्मरणीय है और सरकार को उनके हितों एवं समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललन कुमार सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों एनएचएम कर्मी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें समान कार्य के बदले समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा, नियमित सेवा लाभ तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महासंघ राष्ट्रीय स्तर पर सभी एनएचएम कर्मियों के लिए एक समान सेवा शर्तें एवं सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्यों की स्थिति एवं समस्याओं को विस्तार से रखा। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न राज्यों में एनएचएम कर्मियों को मिलने वाले वेतन, प्रोत्साहन राशि,अवकाश,बीमा,सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं में भारी असमानता है। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समक्ष यह मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी कि देशभर के एनएचएम कर्मियों के लिए एक समान वेतन संरचना, सेवा शर्तें एवं सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं,सीएचओ, एएनएम,जीएनएम,फार्मासिस्ट,लैब टेक्नीशियन,ब्लॉक एवं जिला कार्यक्रम कर्मियों सहित सभी संवर्गों से संबंधित मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने संविदा कर्मियों के लिए स्थायी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था, भविष्य निधि, पेंशन,स्वास्थ्य बीमा,दुर्घटना बीमा, मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश तथा अन्य कल्याणकारी सुविधाओं की आवश्यकता पर बल दिया। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मियों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा महासंघ की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा संगठन उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्यता विस्तार अभियान चलाने तथा प्रत्येक राज्य में नियमित संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करने का आह्वान किया। बैठक में संगठन को मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाना,पदाधिकारियों का नियमित प्रवास सुनिश्चित करना, राज्यों में समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित करना, कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाना तथा राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना शामिल है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एनएचएम कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा तथा विभिन्न राज्यों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को संकलित कर केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिनमें गिरजाशंकर आचार्य, दिनेश कौशिक, जितेंद्र भदौरिया, राम संजीवन नौटियाल, रविन्द्र वाशिक, सुमन शर्मा, कौशलेंद्र शर्मा, अजय कुमार, अफरोज अनवर, शिवानंद पाण्डेय, विकास शंकर, रवि रश्मि, सतीश कुमार राय, राकेश कुमार, अमित कुमार पंकज, सुभाष कुमार सिंह, लोकेश कुमार गिठाला सहित देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# घाट से लेकर कांवड़िया पथ तक पुलिस रहगी तैनात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2026 को लेकर भागलपुर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को समीक्षा भवन सभागार में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय और एसएसपी प्रमोद कुमार यादव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया और मेले से संबंधित तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान सुल्तानगंज से गुजरने वाला कांवड़िया मार्ग का लगभग 15 से 16 किलोमीटर हिस्सा भागलपुर जिले के अंतर्गत आता है। इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा है।

**लगातार पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाएगी :** कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए दिन और रात दोनों समय लगातार पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाएगी। इसके अलावा गंगा घाटों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और नदी क्षेत्र में भी पुलिस की जल पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर देवघर के लिए प्रस्थान करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले साल मेले के दौरान जिन क्षेत्रों में कुछ कमियां सामने आई थीं, उनकी पहचान कर इस बार सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से सौंप दी गई हैं और अधिकांश आवश्यक कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

## करंट लगने से दो बच्चे के पिता की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर । भागलपुर में करंट लगने से दो बच्चों के पिता की मौत हो गई। स्कूटी की बैटरी चार्ज करने के दौरान हादसा हुआ है। बचाने पहुंचे परिजन को भी बिजली का झटका लगा, जिससे वे घायल हो गए। मृतक की पहचान रामन राय के पुत्र विष्णुदेव राय(31) के रूप में हुई है। मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। मौत के बाद पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के सरदारपुर गांव की है।

**बोर्ड में प्लग लगाते समय लगा झटका :** मृतक के छोटे भाई अरविंद राय ने बताया कि मंगलवार सुबह इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली बोर्ड में प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान बोर्ड में करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गए।

**छानबीन में जुटी पुलिस :** अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पति के शव से लिपटकर पत्नी विलाप करती रही, जबकि मासूम बच्चों को यह समझ नहीं आ रहा था कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। सूचना मिलने के बाद बरारी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## कार ने स्कूल वैन में मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर । भागलपुर में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। मंगलवार को कार ने पहले बच्चों से भरी स्कूली वैन को जोरदार टक्कर मार दी और इसके बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में वैन के ड्राइवर समेत 3 छात्र घोयल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। हादसा उस समय हुआ जब बच्चों को लेकर वैन जगदीशपुर की ओर से आ रही थी। इसी दौरान भागलपुर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित हो गई। सामने से आ रही स्कूली वैन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से भी टकरा गई।

**लापरवाही के चलते हुए हादसा :** हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए वैन में फंसे बच्चों और चालक को बाहर निकाला। घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय दुकानदार धीरज कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति से जा रही थी। स्कूल के समय सड़क पर बच्चों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, इसके बावजूद कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी वजह से यह बड़ा हादसा हुआ।

**कुछ देर के लिए रोड जाम रहा :** हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार अलीगंज निवासी मोहम्मद आसिफ की बताई जा रही है। पुलिस वाहन मालिक और चालक की पहचान में जुटी है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

**आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी :** मामले को लेकर बाइपास थानाध्यक्ष चनबीर यादव ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार, स्कूली वैन और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।


## समाहरणालय, औरंगाबाद

(खनन शाखा)

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक–10.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–11.07.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्ड्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
4. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

समाहर्त्ता
औरंगाबाद

PR- 006386 (Mines & Geo.) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: 25–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 22.06.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल की रेलवे कॉलोनियों में संचार सुविधा का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,76,76,566,50, **बयाना राशि:** रु. 5,53,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.07.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in

ASN-150/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

(पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल)

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी.–डी.एस.ई.–टी.ओ.टी. 04–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमंत्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरा एट नॉन इंटरलॉक्ड मैन्ड एलसी गेट्स एट डिफरेंट लोकेशन ओवर डीडीयू डिविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य:** रू.4,86,43,985.53/– (चार करोड़ छियासी लाख तेतालीस हजार नौ सौ पचासी एवं तिरपन पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि:** रू.9,72,900/– (नौ लाख बहत्तर हजार नौ सौ रुपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.07.2026 को 12.30 तक। **5. वेब साइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

मं.सं. एवं दू.सं. अभि./पूर्व मध्य रेल, पं. दीनदयाल उपाध्याय
पीआर/0440/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26–27/28



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –04/औरंगाबाद/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 15.06.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 02.07.2026 से 28.07.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 02.07.226 से 28.07.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–27.06.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड/वितीय) :– दिनांक–29.07.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
9. कार्य विवरणी:–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य स्कीम अंतर्गत जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, ग्राम–कर्मा भगवान, औरंगाबाद की मरम्मति/जीर्णोद्धार कार्य | 20.206 | 40500.00 | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद

PR- 006406 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## GOVT. OF BIHAR
## BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UGEAC-2026 के आधार पर बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/04 Dated 23.06.2026**

विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2026/01 एवं 2026/02 दिनांक 09.05.2026 के क्रम में UGEAC-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि JEE(Main)-2026 के All India Rank (AIR) तद्नुरूप UGEAC-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों / SGIDT, Patna एवं Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga (Under Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga) के BE / B.Tech. पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर दिनांक **23.06.2026** को उपलब्ध करा दिया गया है।

**2.** पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of UGEAC-2026" Link पर Click करने के बाद अपना UGEAC ID एवं जन्म तिथि डालकर Rank Card प्राप्त कर लें।

**3. Online Counselling** कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, **Choice filling** की विधि आदि पर्षद के उक्त वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या- **BCECEB(UGEAC)-2026/03** दिनांक **23.06.2026** द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का अपने **preference** अनुसार **Colleges / Branch** का **Choice** भरें। **Choice filling** की प्रक्रिया दिनांक **26.06.2026** से प्रारम्भ होगा।

**4.** दो चक्रों की Online Seat Allotment / Document Verification / Admission उपरान्त अगर सीटें रिक्त रह जाती हैं तो **शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026** की परीक्षा के आधार पर संयुक्त मेधासूची के **PCM** ग्रुप के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर भरा जायेगा, जिसका विस्तृत कार्यक्रम यथासमय प्रकाशित किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

**अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0–01/वितीय वर्ष 2026–27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलाअंतर्गत 50 आसन्न वाले अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास के पुराने भवन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रखंड–बारूण एवं देव के परिसर में अवस्थित पुराने संरचना को तोड़ने के पश्चात मलवा हटाने का कार्य के लिए नीलामी आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखनीय है, कि उक्त परिसर में 100 आसन्न वाले अनु0जाति एंव अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास एवं प्रखंड–बारूण एवं देव में डायग्नोस्टिक भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। नीलामी की न्यूनतम राशि एवं अन्य विवरणी नीचे अंकित तालिका के अनुरूप होगी। नीलामी की बोली दिनांक–03.07.2026 को 11:00 बजे पूवाह्र्न में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतू इच्छुक/फॉर्म उक्त तिथि एवं समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

| क्र0 सं0 | निलामी की विवरणी | निलामी की न्यूनतम राशि (रूपये में ) | जमानत की राशि (राशि रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Demolishing of Existing Abononed Building of ST/SC Boys Hostel Aurangabad Bihar for the year 2026-27 | 125500.00 | 12550.00 | 15 दिन |
| 2 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Barun, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 18400.00 | 1840.00 | 15 दिन |
| 3 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Deo, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 12300.00 | 1230.00 | 15 दिन |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा विस्तृत जानकारी के लिए (state.bihar.gov.in/prdbihar) पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 006408 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

## गर्मी के मौसम में पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित और उत्पादनशील बनाए रखने के लिए मुर्गीपालकों को सलाह

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से मुर्गियों के अंडे एवं मांस उत्पादन में कमी, मृत्यु दर में वृद्धि और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेः

### तापमान नियंत्रण
- शेड में उचित वेंटिलेशन (हवादारी) रखें।
- छत पर घास या टाट बिछाकर ऊपर पानी छिड़कें।
- कूलर, फैन, या वाटर फॉगिंग सिस्टम का उपयोग करें

### प्रबंधन
- दिन में 2-3 बार पानी की टंकियों को भरें और उन्हें छाया में रखें।
- इलेक्ट्रोलाइट्स (ORS) व विटामिन सी पानी में मिलाएं ताकि डिहाइड्रेशन न हो।

### आहार प्रबंधन
- सुबह और शाम के ठंडे समय में दाना दें।
- एनर्जी रिच (ऊर्जा युक्त) आहार दें, लेकिन हाई प्रोटीन से बचें।

### स्वास्थ्य प्रबंधन
- गर्मी में तनाव कम करने वाले सप्लीमेंट्स दें।
- टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग शेड्यूल का पालन करें।
- बीमार मुर्गियों को तुरंत अलग करें।

### सफाई और स्वच्छता
- फार्म को सूखा और साफ रखें।
- नियमित रूप से कीट-नाशक छिड़काव करें।



PR No.- 06465 (Animal)D. 2026-27

विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें



## बिहार सरकार

## जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला में संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास औरंगाबाद में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन लिया जाना है।

उक्त छात्रावास में रिक्तियों के विरुद्ध **पुनः नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक– 22.06.2026 से दिनांक– 21.07.2026 तक ऑनलाइन** के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। नामांकन हेतु इच्छुक छात्र ***bcebconline.bihar.gov.in*** पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

| जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–18) | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावस में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–100) |
|---|---|
| 1. आवेदक अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। | 1. आवेदक पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। |
| 2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो। | 2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो। |
| 3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो। | 3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो। |
| 4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो। | 4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो। |
| 5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। | 5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। | 6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। |

**छात्रों को मिलने वाली निःशुल्क सुविधाएँ**
1. निःशुल्क आवास सुविधा।
2. सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं रसोइया की व्यवस्था।
3. विद्युत सुविधा, पंखा, बल्ब, साइलेंट जनरेटर, सी.सी.टी.वी. एवं Wifi सुविधा।
4. भौतिक एवं डिजिटल लाइब्रेरी, प्रतियोगी पुस्तकें, मासिक पत्रिकाएँ एवं दैनिक समाचार पत्र।
5. खेलकूद सामग्री की सुविधा।
6. शुद्ध पेयजल की सुविधा।
7. प्रति छात्र प्रति माह 15 किलोग्राम खाद्यान्न (09 किलोग्राम चावल एवं 06 किलोग्राम गेहूँ)।
8. प्रति छात्र प्रति माह ₹2000/– छात्रावास अनुदान का लाभ।

**आवेदन की प्रक्रिया**
1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो (02 प्रति)।
4. वैध जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
5. औरंगाबाद जिला स्थित शिक्षण संस्थान में नामांकन संबंधी प्रमाण–पत्र।
6. आधार कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
7. विगत परीक्षा के अंकपत्र की छायाप्रति।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति (खाता संख्या एवं IFSC कोड सहित)।
9. छात्रावास में अनुशासन पालन संबंधी शपथ–पत्र।

नोटः– त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR. No. 006414 (Welfare) 2026-27

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना परिसर में आग, फर्नीचर व कागजात जले

**आरा।** नवादा थाना के परिसर में पोर्टिको के पास रखे मालखाना के समान में अचानक आग लगने से कागजात और फर्नीचर के समानों का नुकसान हुआ है। एसडीपीओ 1 राजकुमार साह ने बताया कि सोमवार को 4 बजे के आसपास नवादा थाना के परिसर में पोर्टिको के पास कुछ मालखाना का समान रखा हुआ था। उसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग को बुझा दिया। क्या क्या समान का नुकसान हुआ है इसका आकलन किया जा रहा है। आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है।

### भूमि विवाद में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने थानांतर्गत रामपुर सनदिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई विवाद के मामले में संलिप्त 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ गांव के आशीष यादव को हॉस्पिटल से एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवालिया के निवासी राज नारायण के पुत्र शंभु पासवान उर्फ सोमू और कर्ण पासवान को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में पुलिस पहले ही घटना में शामिल दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर सनदिया गांव में लगभग 6 बिगहा जमीन पर कब्जा करने को लेकर 4 जून को दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। पुलिस के बयान पर कुल 263 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया था। 6 बिगहा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि पुलिस घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है।

### क्रीड़ा भारती ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**आरा।** क्रीड़ा भारती, भोजपुर विभाग के तत्वाधान में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के आर.एस.सी.डी. सरस्वती विद्या मंदिर (सिंगही) और दे न्यू एरा इंटरनेशनल स्कूल (विष्णु नगर) में योगाभ्यास व जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस वर्ष यह पूरा आयोजन वैश्विक थीम स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग पर केंद्रित रहा। क्रीड़ा भारती, भोजपुर विभाग के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक वृद्धावस्था का सबसे सशक्त माध्यम है। आज के समय में वैश्विक स्तर पर स्वस्थ वृद्धावस्था को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हमारे घर के बुजुर्ग और वरिष्ठजन दीर्घायु व स्वस्थ रहेंगे, तो उनका समृद्ध अनुभव और सही मार्गदर्शन परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास के लिए लंबे समय तक उपयोगी सिद्ध होगा।

### जगजीवन कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**आरा।** जगजीवन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. आभा सिंह की अध्यक्षता एवं कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग दिवस के इस मौके पर कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने एक साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने विभिन्न प्रकार के योगासनों, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर "द आर्ट ऑफ लिविंग" संस्था के सदस्य जितेंद्र कुमार बतौर मुख्य योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बेहद सरल तरीके से योगाभ्यास कराया और योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहरः प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. आभा सिंह ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य और गौरवशाली धरोहर है, जो हमें न सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती है बल्कि एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने आह्वान किया कि योग को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखें।

### बिना कोचिंग के राजस्व अधिकारी बनीं मधु

**बक्सर** | जिले के सोनबरसा गांव की मधु कुमारी ने अपने प्रथम प्रयास में ही राजस्व अधिकारी पद पर चयनित होकर परिवार और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।मधु की प्रारंभिक शिक्षा माउंट कार्मेल स्कूल, हजारीबाग से हुई। उन्होंने वर्ष 2017 में वहीं से मैट्रिक तथा वर्ष 2019 में संत जेवियर्स स्कूल, हजारीबाग से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2022 में लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। विशेष बात यह रही कि उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। बक्सर स्थित अपने निवास पर रहकर स्वाध्याय (सेल्फ स्टडी) के माध्यम से तैयारी की और प्रतिदिन 7 से 8 घंटे अध्ययन कर यह सफलता हासिल की। उनकी इस सफलता से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मधु कुमारी ग्राम सोनबरसा, पोस्ट सोनबरसा, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला बक्सर की निवासी हैं। उनके पिता श्री मिथिलेश मिश्रा पत्रकार हैं तथा माता मीरा देवी गृहिणी हैं। संयुक्त परिवार में बड़े पापा कमलेश्वर मिश्र, बड़ी मां रूबी देवी, मंझली मां अंशु मिश्रा तथा बड़े भाई अमित मिश्रा ने भी उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी उपलब्धि का श्रेय मधु कुमारी अपने पूरे परिवार को देती हैं। उनका कहना है कि परिवार के सहयोग, विश्वास और प्रेरणा ने उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई।

### पुलिस ने भरत तिवारी की हत्या की है : टीएन चौबे

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि भोजपुर जिला स्थित शाहपुर प्रखंड के बेलौंटी गांव में भरत भूषण तिवारी का पुलिस ने एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या की है। इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कि गई, यह प्रशासन पर बहुत बड़ा सवाल है। पहले तो प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए तब जांच कमिटी बैठाने कि बात आएगी। भरत तिवारी एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनका कहीं से कोई आपराधिक रिकार्ड है नहीं है। पुलिस ने उनका एनकाउंटर क्यों किया? अगर वह मानसिक विक्षिप्त भी था तो क्या विक्षिप्त व्यक्ति का एनकाउंटर किया जाता है? भरत तिवारी ने जब सरेंडर कर दिया तो फिर एनकाउंटर करना पुलिस कि एक सोची समझी रणनीति है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बताएंगे कि खास समुदाय के ऊपर इस तरह का प्रहार कर राजनीतिक रोटी सेंकी जा रही है। यह मामला दबने वाला नहीं है। बिहार के ब्राह्मण एकजुट होकर एक मंच से शहीद भरत तिवारी के शहादत का जवाब देंगें। बार-बार मुख्यमंत्री यह कहते नजर आ रहे है कि कितना भी बड़ा गुंडा हो उसे नेपाल भेज देंगे, लेकिन क्या उन्हें पता नहीं है कि बिहार नेपाल सीमा प्रतिबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह घटना एक निर्दोष व्यक्ति के साथ बिहार सरकार ने की है। लोकसभा के पटल पर आवाज उठनी चाहिए।

### आंधी-बारिश में सेमर का पेड़ गिरा, आवागमन बाधित




**कोईलवर।** आई तेज आंधी और बारिश के दौरान जमालपुर-सकड्डी लिंक रोड पर एक बड़ा सेमर का पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिरने के कारण दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज हवा के झोंकों के कारण पेड़ अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। ग्रामीणों ने सड़क से पेड़ हटाकर यातायात सुचारु कराने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पेड़ सड़क पर पड़ा था, जिससे आवागमन प्रभावित बना हुआ था।

# जिला परिषद कर्मचारी हड़ताल पर, सदस्यों पर दुर्व्यवहार और सरकारी काम में हस्तक्षेप का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता







**बक्सर।** बक्सर जिला परिषद कार्यालय में विवाद गहरा गया है। कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुछ जिला परिषद सदस्यों पर सरकारी कामकाज में हस्तक्षेप, दुर्व्यवहार और नियमों के खिलाफ काम कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इसके विरोध में कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है।

**18 जून से कुछ सदस्य दे रहे धरनाः** कार्यालय कर्मियों ने जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को संबोधित एक पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ समय से कुछ जनप्रतिनिधि अपने निजी हितों को लेकर कार्यालय का माहौल खराब कर रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि 18 जून 2026 से कुछ सदस्यों द्वारा लगातार चरणबद्ध धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान भी कार्यालय पर दबाव बनाने की कोशिश की गई थी। उनके अनुसार, कई बार कार्यालय में आकर कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है, गाली-गलौज की जाती है और सरकारी कार्यों में बाधा डाली जाती है।

**योजनाओं के भुगतान का बना रहे दबावः** कर्मचारियों का कहना है कि कुछ लोग योजनाओं के भुगतान और प्रशासनिक स्वीकृति अपने हिसाब से करवाने के लिए दबाव बना रहे हैं। जबकि सभी कार्य विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किए जा रहे हैं। कर्मचारी राहुल कुमार ने कहा कि जिला परिषद कार्यालय एक संवैधानिक संस्था है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करना है। उन्होंने बताया कि लगातार विरोध और दबाव के कारण कर्मचारियों के लिए सामान्य रूप से काम करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारी केवल नियमों के अनुसार काम करना चाहते हैं, लेकिन उन पर गलत तरीके से दबाव बनाया जा रहा है।

**भुगतान-प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसारः** वहीं कर्मचारी राजेश मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 करोड़ 35 लाख 84 हजार 337 रुपये का भुगतान किया जा चुका है और बाकी योजनाओं पर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सभी भुगतान और प्रशासनिक स्वीकृतियां विभागीय नियमों के अनुसार हो रही हैं, लेकिन कुछ लोग अपने हित में फैसले करवाने के लिए दबाव बना रहे हैं।

**जिला परिषद कार्यालय में तनाव का माहौलः** कर्मचारियों ने यह भी दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक जिला परिषद को 36 लाख 15 हजार 360 रुपये की आय प्राप्त हुई है। साथ ही सार्वजनिक पुस्तकालय खर्च की जांच भी उच्च स्तर पर चल रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की छवि खराब करने और झूठे आरोप लगाकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर कर्मचारियों ने 23 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया है। इस घटनाक्रम के बाद जिला परिषद कार्यालय में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत, ससुराल से बाल कटाने के लिए निकला था
### मंदिर के बरामदे में मिली लाश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में ससुराल आए दामाद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर के बरामदे में मिला है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। मृतक अक्षप लाल पासवान(25) रोहतास जिला के जोगया गांव का रहने वाला था। गुजरात में काम करता था। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के पसौर गांव की है। मृतक का साला बड़क पासवान ने बताया कि मेरे बहनोई रविवार की शाम करीब पांच बजे ससुराल आए थे। कुछ देर बाद बाल कटाने के लिए घर से निकले थे, इसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार को गांव के लोग पूजा करने के लिए गए तो शव पड़ा देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिवार को शव सौंप दिया। पुलिस की ओर से बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतक के परिवार में पत्नी सरिता देवी और एक पुत्र विक्रम है। सभी को रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीएम के हेलीकॉप्टर लैंडिंग मामले में ईओ सस्पेंड, नगर परिषद ईओ कुमार ऋत्विक निलंबित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** मुख्यमंत्री के बक्सर दौरे के दौरान हेलीकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो पाने के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) कुमार ऋत्विक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक और प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों के बाद की गई है। मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने ईओ को जिम्मेदार मानते हुए यह कदम उठाया है।

**किला मैदान में नहीं उतर सका था मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टरः** जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 को मुख्यमंत्री के बक्सर आगमन का कार्यक्रम था। इस दौरान उनका हेलीकॉप्टर शहर के ऐतिहासिक किला मैदान में उतरना था। इसके लिए प्रशासन की ओर से लैंडिंग स्थल तैयार किया गया था। लेकिन निर्धारित स्थान पर जरूरी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त नहीं होने के कारण हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग नहीं हो सकी। सुरक्षा कारणों को देखते हुए हेलीकॉप्टर को उतारना संभव नहीं हुआ। इस घटना को मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी गंभीर चूक माना गया। इसके बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।

**अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में बनी थी जांच टीमः** मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई थी। जांच टीम ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की। टीम ने तैयारियों, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और व्यवस्थाओं की स्थिति की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट जिला पदाधिकारी बक्सर को सौंपी। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने कार्रवाई की।



**दायित्व में लापरवाही और निर्देशों की अनदेखी का आरोपः** विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कुमार ऋत्विक ने अपने पद से जुड़े दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती। आरोप है कि उन्होंने वरीय अधिकारियों के निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं किया और मुख्यमंत्री की सुरक्षा से जुड़े प्रोटोकॉल में गंभीर चूक हुई। विभाग ने इस लापरवाही को बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के विरुद्ध माना है।

♦ **सुरक्षा चूक और लापरवाही के आरोप में हुई कार्रवाई**

**मुजफ्फरपुर नगर आयुक्त कार्यालय बनाया गया मुख्यालयः** नगर विकास एवं आवास विभाग ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के तहत कुमार ऋत्विक को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय नगर आयुक्त कार्यालय, नगर निगम मुजफ्फरपुर निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

**शुरू होगी विभागीय कार्रवाईः** विभाग ने स्पष्ट किया है कि कुमार ऋत्विक के खिलाफ जल्द ही विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए आरोप पत्र अलग से जारी किया जाएगा। वहीं नगर परिषद बक्सर में नए कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद जिले के प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। अधिकारियों के बीच सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल पालन को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## भरत तिवारी के परिजनों से मिले जेडीयू विधायक राधाचरण सेठ ने न्याय का दिलाया भरोसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर के बिलौटी गांव में भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में सियासी हलचल लगातार तेज बनी हुई है। मंगलवार को संदेश विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधाचरण साह उर्फ राधाचरण सेठ परिवार से मिलने पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि घटना बेहद दुखद और संवेदनशील है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**निष्पक्ष जांच और न्याय का दिलाया भरोसाः** विधायक राधाचरण साह ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। इसके अलावा मानवाधिकार आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। जांच की जिम्मेदारी डीआईजी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। सरकार इस मामले को पूरी गंभीरता के साथ देख रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट सामने आएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी। इस दौरान भरत तिवारी के परिवार के सदस्यों ने भी विधायक के समक्ष अपनी बातें रखीं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।

**परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं लोगः** भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों के बीच लगातार चर्चा और विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक का पीड़ित परिवार से मिलना और न्याय का भरोसा दिलाना राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बेगूसराय के टाइल्स मिस्त्री की मौत काम करने के दौरान लगा करंट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बेगूसराय जिला के रहने वाले टाइल्स मिस्त्री की मौत हो गई। करंट की चपेट में आने से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान हसनपुर के महुली वार्ड-12 निवासी धर्मेंद्र यादव(35) के तौर पर हुई है। पिछले 10 साल से टाउन थाना के पास किराए के मकान में रह रहे थे। मृतक की पत्नी तेतरी देवी ने बताया कि रोज की तरह सोमवार को काम के लिए गए थे। इलेक्ट्रिक मशीन से मार्बल की घिसाई कर रहे थे। इस दौरान करंट में चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक आठ भाई-बहन में छठे स्थान पर था। परिवार में पत्नी तेतरी देवी, दो पुत्र शिवम कुमार और शिव कुमार है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। पत्नी, बच्चों और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कुएं में मिला युवक का शव, 11 दिन से लापता था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में 11 दिन से लापता युवक का शव सूखे कुएं में मिला है। गला घोंटकर हत्या की आशंका है। परिजनों ने भाई के साढ़ू पर हत्या का आरोप लगाया है। डेड बॉडी पर कोई चोट के निशान नहीं है। मृतक की पहचान अखिलेश यादव(35) के तौर पर हुई है। घटना कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के केवटिया गांव की है। मृतक के साला अजय कुमार ने बताया कि मेरे बहनोई गुजरात में काम करते थे। उनके छोटे भाई सोनू की शादी बिहियां के झौंवा गांव में हुई है, उनकी पत्नी अपने मायके में ही रहती है। 20 दिन पहले जब वह सूरत में थे, तो फोन पर सोनू के साढ़ू झगड़ा हुआ था। उन्होंने कहा था कि मेरे भाई की पत्नी को ससुराल क्यों नहीं भेज रहे हैं। उस समया मारने-पीटने की धमकी दी गई थी। 12 जून की दोपहर करीब दो बजे मेरे बहनोई सूरत से वापस अपने गांव आए थे। देर शाम घर से बाजार निकले थे। रास्ते में उनके छोटे भाई के साढ़ू लालबाबू और विक्की मिले। दोनों अपने साथ लेकर चले गए, इसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर 13 जून को थाने में लिखित आवेदन दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक सात भाई-बहन में दूसरे स्थान पर था।10 साल पहले उसकी शादी हुई थी। कोई बच्चा नहीं था।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/34, दिनांकः 22.06.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **तालिका-कः क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैंः **(1) 20265026;** एसी 3 फेज मोटर कोच के लिए 1300 केवीए सिंगल फेज ईएमयू ट्रांसफॉर्मर; रु. 1,89,040; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 17.07.2026, 13.30 बजे **(2) 20265017;** मोटर के साथ ईएलजीआई कम्प्रेसर मॉडल आरआर 15070; रु. 1,10,850; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(3) 10262468;** विंड स्क्रीन वाइपर असेंबली; रु. 9,64,330; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 13.07.2026, 13.30 बजे; **(4) 10265007;** डब्ल्यूएपी-4 के लिए ट्रांसफॉर्मर मेन 5400 केवीए का क्रय आदि; रु. 2,44,830; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 07.07.2026, 13.30 बजे; **(5) 11251044ए;** 20 टी एक्सल बोगियों के लिए पैकिंग रिंग का क्रय आदि.; रु. 2,73,880; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.07.2026, 13.30 बजे; **(6) 08261615;** 6वी, 120 एएच क्षमता की वीआरएलए बैटरी का क्रय आदि; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 31.07.2026, 13.30 बजे; **(7) 08261025;** हिटाची ट्रैक्शन आर्मेचर का टेफ्लॉन रिंग; रु. 1,06,670; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 06.07.2026, 13.30 बजे; **(8) 10262283;** पी7/जी9 लोको के लिए सेकंडरी स्प्रिंग; रु. 1,40,380; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(9) 10262143;** मॉडिफाइड काउ कैचर; रु. 1,02,490; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 30.07.2026, 13.30 बजे; **(10) 10262562;** प्राइमरी सस्पेंशन स्प्रिंग; रु. 1,13,060; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.07.2026, 13.30 बजे; **(11) 08261114;** ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 के लिए कार्बन ब्रश का क्रय आदि.; रु. 3,91,620; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 17.07.2026, 13.30 बजे; **(12) 20263123;** एलईडी फिटिंग टाइप-एस, 18 वाट; रु. 1,47,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 16.07.2026, 13.30 बजे; **(13) 20261082;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए योक; रु. 3,48,740; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.07.2026, 13.30 बजे; **(14) 20265019;** 25 केवी एसी ईएमयू के लिए मेन सिलिकॉन रेक्टिफायर; रु. 3,65,800; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 14.07.2026, 13.30 बजे; **(15) 20261085;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए फॉर्क आई (सब-असेंबली); रु. 2,46,090; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 08.07.2026, 13.30 बजे;**(16) 20261079;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए रबर स्प्रिंग प्लेट; रु. 5,14,220; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 09.07.2026, 13.30 बजे; **(17) 10262391;** पी7 लोको के लिए एक्सल डैंपर;₹रु. 2,06,650; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(18) 22261371;** इंज. इंसुलिन डेग्लुडेक 70% (आर-डीएनए-ओरिजिन) + इंसुलिन एस्पार्ट 30% (आर-डीएनए-ओरिजिन) 100 यूनिट/मिली - 3 मिली कार्ट्रिज। (प्रति 20 कार्ट्रिज के साथ एक पेन और 20 नीडल मुफ़्त) (आइटम कोड एम150403) स्पेसिफिकेशन आइटम कोड एम150403 के अनुसार; रु. 1,21,980; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 16.07.2026, 13.30 बजे; **(19) 11252639बी;** सैनरोक हेतु इलेक्ट्रॉनिक वॉइस मैसेज साउंडर का क्रय आदि; रु. 1,03,490; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 14.07.2026, 13.30 बजे; **(20) 11262649;** वीईएसडीए कॉम्पैक्ट लेजर डिटेक्टर आदि के इंटरनल फिल्टर कार्ट्रिज का क्रय;रु. 1,44,680; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 09.07.2026, 13.30 बजे; **(21) 21261382;** नकल आदि;रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(22) 21261389;** योक पिन आदि; रु. 1,45,130; **(23) 21261383;** लॉक आदि;रु. 7,51,020; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026 (क्रम सं. 22 एवं 23 हेतु), 13.30 बजे; **(24) 08261052;** 30 लीटर क्षमता के वाटर बॉयलर का क्रय आदि; रु. 1,13,730; **(25) 11251096;** आउटर डोर असेंबली (एल.एच. एवं आर.एच.); रु. 2,25,460; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.07.2026 (क्रम सं. 24 एवं 25 हेतु), 13.30 बजे; **(26) 22261252;** इंज. ह्यूमन इम्यूनोग्लोबुलिन 5 ग्रा. न्यूनतम 100 मिली (आइटम कोड एम230805) स्पेसि.: आइटम कोड एम230805; रु. 1,45,310; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.07.2026, 13.30 बजे; **(27) 11261549;** टॉप फ्लैंज आदि; रु. 2,76,280; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.07.2026, 13.30 बजे;**(28) 21261507;** शैंक वेयर प्लेट; रु. 1,34,170; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(29) 21261522;** अपग्रेडेड हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर आदि; रु. 8,90,950; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(30) 1226-एचवीएन_6938_39;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6938 और 6939 के समरूप कॉम्बिनेशन हाई विस्कस इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन-66) के क्रय के लिए चालू ठेका;रु. 4,87,750; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(31) 12261049;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 23.06.2026, 13.30 बजे; **(32) 22261612;** टैब/कैप ओसिमर्टिनैब 80 मिग्रा.;रु. 4,17,830; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.06.2026, 13.30 बजे; **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 32 प्रत्येक हेतु।

**तालिका-खः निविदा सं.52266499; विवरणः एएआर-एच टाइप टाइट लॉक सीबीसी... का संपूर्ण सेट; निविदा की अंतिम तिथिः** 13.07.2026; **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)ः** 90,19,778.40, **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं व अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हेतु, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

STORES-20/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### टिकट चेकिंग से एक दिन में 28.76 लाख रुपए रेवेन्यू

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करने और रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में, दिनांक 22 जून 2026 को मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में एक विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 3,311 मामलों का पता लगाया गया, जिससे रेलवे को 28,76,939/- की आय प्राप्त हुई। वर्तमान माह में अब तक संचालित टिकट जांच अभियानों के फलस्वरूप कुल 51,511 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों से रेलवे ने 3,59,95,744/- की आय अर्जित की है। चालू वित्तीय वर्ष में सोनपुर मंडल द्वारा टिकट जांच के माध्यम से कुल 2,03,727 मामले दर्ज किए गए हैं। इनसे रेलवे को 13,19,31,229/- का राजस्व प्राप्त हुआ है। सोनपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा में सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित अथवा अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### वैशाली में स्वर्ण व्यवसायी से 12 लाख के गहने लूटे

**हाजीपुर।** वैशाली में हथियारबंद बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से करीब 12 लाख रुपये के सोना-चांदी के आभूषण लूट लिए। यह वारदात बेलसर थाना क्षेत्र में देर रात हुई, जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना उस समय हुई जब व्यवसायी अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। पहले से घात लगाए बैठे तीन बाइक सवार अपराधियों ने उसे रोका और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। वारदात इतनी तेजी से हुई कि व्यवसायी को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बेलसर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वैशाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रियता बढ़ा दी है। जिले की सीमाओं पर वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वैशाली एसपी सुशांत कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### वैशाली में आग से खपरैल घर जला, लाखों की संपत्ति राख

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के मुरौवतपुर वार्ड संख्या-8 में देर रात भीषण आग लगने से एक खपरैलनुमा घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई, जिसमें पेटी, बक्सा, पंखा, कुकर और महत्वपूर्ण कागजात शामिल हैं। गृहस्वामी बिंदेश्वर सिंह के पुत्र राजू सिंह का परिवार नए घर में सो रहा था। देर रात करीब डेढ़ बजे पड़ोसियों ने उन्हें पुराने घर में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरा घर जल चुका था।

# दो माह के बकाया वेतन को लेकर पटना नगर निगम के चालकों का प्रदर्शन

## झाड़ू लेकर निगम कार्यालय पहुंचे चालक, वेतन भुगतान नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल में कार्यरत चालकों ने दो माह से वेतन भुगतान नहीं होने के विरोध में मंगलवार को निगम कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी चालकों ने हाथों में झाड़ू लेकर नारेबाजी की और बकाया वेतन के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। प्रदर्शन के कारण निगम की कई गाड़ियां नहीं चल सकीं, जिससे अंचल क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई है। चालकों का कहना है कि लगातार दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन कर रहे चालकों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च, इलाज और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वेतन भुगतान के मामले में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है और उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। चालकों ने कहा कि वे प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारु रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर निगम की सफाई गाड़ियों का संचालन कर वे पटना को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान देते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया और वेतन भुगतान की व्यवस्था नियमित नहीं हुई तो उनका आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कार्य बहिष्कार भी जारी रखा जाएगा। चालकों का कहना है कि लंबे समय से वेतन भुगतान में हो रही देरी के कारण उनके बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है और अब वे अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।

अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप ने बताया कि उन्हें चालकों की हड़ताल और प्रदर्शन की सूचना मिली है। हालांकि अभी तक उनकी ओर से कोई औपचारिक ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायतें पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं, जिनके आधार पर संबंधित एजेंसियों और ठेकेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई थी। टेंडर की शर्तों में स्पष्ट रूप से कर्मचारियों और चालकों को समय पर वेतन भुगतान करने का प्रावधान है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी नगर निगम मुख्यालय को भेजी जा रही है। मुख्यालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम चालकों के आंदोलन ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो राजधानी की सफाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शहर में कचरा उठाव और सफाई कार्य प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए निगम प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# शादी में गए परिवार के घर लाखों की चोरी, आभूषण और नकदी लेकर फरार हुए चोर

## एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड ने की जांच, पुलिस जुटी छानबीन में

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब गृहस्वामी अपने पूरे परिवार के साथ बेटी की शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। घर खाली होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, दरियापुर गांव निवासी संजीत साव अपने परिवार के साथ बेटी की शादी में गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरों तथा अलमारी में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर से लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए।

शादी समारोह से लौटने के बाद जब संजीत साव अपने घर पहुंचे तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के दरवाजे और कमरों के ताले टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे आभूषण और नकदी गायब मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम और डॉग स्क्वायड को भी जांच के लिए बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से विभिन्न नमूने एकत्र किए, जबकि डॉग स्क्वायड की सहायता से चोरों के संभावित ठिकानों और भागने के रास्तों का पता लगाने का प्रयास किया गया।

पीड़ित संजीत साव ने बताया कि चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये में है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरी की गई संपत्ति बरामद करने और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरी की इस घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय, पटना में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय (सीसीए), दूरसंचार विभाग, पटना में योग सत्र का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को योग के शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योग फॉर हेल्दी एजिंग" (स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग) पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर जीवन में सकारात्मकता और संतुलन भी स्थापित करता है।

◆ **अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और आत्मिक रूप से संतुलित बनाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दूरसंचार विभाग के सदस्य (वित्त) मनीष सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनके साथ नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय, बिहार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी ने नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन कार्यालय में स्वास्थ्य, अनुशासन, सकारात्मक सोच और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# युवक की संदिग्ध मौत मामले में आठ लोगों पर प्राथमिकी, हत्या का आरोप

## घर के बाहर मिला 16 वर्षीय किशोर का शव, जांच में जुटी एफएसएल और पुलिस टीम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



मृतक का फाइल फोटो

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में 16 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक के परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

मृतक की पहचान इस्लामपुर गांव निवासी दिनेश कुमार के 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, सोमवार की रात गांव में एक बारात आई थी, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाच का आयोजन किया गया था। अभिषेक रात करीब नौ बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह नाच देखने जा रहा है। बताया जाता है कि देर रात लगभग एक बजे के बाद अभिषेक कार्यक्रम स्थल से घर लौटने के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह उसका शव घर के बाहर संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। परिजनों का आरोप है कि अभिषेक की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई है। उनका कहना है कि पहले उसका गला दबाकर हत्या की गई और बाद में शव को घर के बाहर फेंक दिया गया, ताकि घटना को दुर्घटना या अन्य रूप दिया जा सके।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर विभिन्न वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। साथ ही घटनास्थल से मिले महत्वपूर्ण सुरागों को जांच के लिए सुरक्षित किया गया।पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटना की पूरी जानकारी जुटाने का प्रयास किया।

मसौढ़ी थाना अध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अभिषेक की असामयिक मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीण भी घटना के जल्द खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर रेवेन्यू ऑफिसर बने सिद्धनाथ कुमार

## ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में सफलता हासिल कर रेवेन्यू ऑफिसर के पद पर चयनित होने के बाद पुनपुन प्रखंड के खैरा गांव निवासी सिद्धनाथ कुमार का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंगलवार सुबह गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके माता-पिता, परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिद्धनाथ कुमार की सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव और क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

सिद्धनाथ कुमार ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा पुनपुन के लखना गांव में हुई। इसके बाद उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी की और उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली चले गए। उन्होंने बताया कि यह उनका चौथा प्रयास था, जिसमें उन्हें सफलता मिली। बीपीएससी परीक्षा में 1177वीं रैंक प्राप्त कर उनका चयन रेवेन्यू ऑफिसर के पद पर हुआ है।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। सिद्धनाथ ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके माता-पिता ने शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुए।

इस मौके पर उनके पिता अवधेश कुमार, परिजन चंद्रकांत कुमार और द्वारिका पासवान ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सिद्धनाथ ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। उनकी सफलता से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है।

# आर्थिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. जगन्नाथ मिश्र का योगदान अविस्मरणीय : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती पर किया नमन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि राज्य के आर्थिक विकास, शिक्षा के विस्तार और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मंगलवार को जारी अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने डॉ. जगन्नाथ मिश्र को कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता, लोकप्रिय जननेता, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री तथा बिहार की राजनीति का एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्र ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में बिहार के विकास और जनकल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनका लाभ आज भी राज्य को मिल रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. जगन्नाथ मिश्र ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1966 में बिहार विश्वविद्यालय के सिंडिकेट एवं सीनेट सदस्य के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई तथा तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली। इसके अतिरिक्त उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. मिश्र का कार्यकाल विशेष रूप से शिक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक निर्णयों के लिए याद किया जाता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए तथा विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का वेतनमान लागू कराने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इसके साथ ही राज्य में उच्च शिक्षा के विस्तार हेतु कई नए विश्वविद्यालयों की स्थापना में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि डॉ. जगन्नाथ मिश्र का जीवन समाज और राज्य के विकास के प्रति समर्पित रहा। उनकी दूरदर्शी सोच, प्रशासनिक क्षमता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की जनता डॉ. जगन्नाथ मिश्र के योगदान को सदैव सम्मान और आदर के साथ याद रखेगी। उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् की हरित विद्यालय प्रतियोगिता शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, हरित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालयों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट पर्यावरणीय प्रयासों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'हरित विद्यालय प्रतियोगिता-2026' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक विद्यालयों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

पर्षद् द्वारा जारी सूचना के अनुसार, गत वर्ष आयोजित हरित विद्यालय प्रतियोगिता-2025 को विद्यालयों से व्यापक प्रतिसाद मिला था। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालयों द्वारा किए गए पर्यावरणीय कार्यों का स्वमूल्यांकन एवं सत्यापन कराया गया था, जिसके आधार पर चयनित विद्यालयों को सम्मानित किया गया था। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पुनः प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पर्षद् ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, जल एवं ऊर्जा बचत, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा हरित परिसर निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना है, ताकि छात्र-छात्राओं में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यालय 30 जुलाई 2026 को अपराह्न 4 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् की आधिकारिक वेबसाइट के नोटिस अनुभाग में उपलब्ध है।

◆ **पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और हरित प्रथाओं को प्रोत्साहित करने की पहल**

प्रतियोगिता के लिए आवेदन प्रपत्र एवं मार्गदर्शिका क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। आवेदन प्रपत्र भरकर विद्यालय पर्षद् के ई-मेल msbspcb-bih@gov.in पर भेज सकते हैं।

पर्षद् द्वारा गठित समिति प्राप्त आवेदनों के स्वमूल्यांकन का सत्यापन करेगी। सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी। इसके उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों से प्रतियोगिता में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया जा सके।

# भारत भूषण तिवारी एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मसौढ़ी में कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ **अमर शहीद विपिन सिंह फाउंडेशन के बैनर तले युवाओं ने उठाई न्याय की आवाज**




**मसौढ़ी।** भारत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार की शाम मसौढ़ी में अमर शहीद विपिन सिंह फाउंडेशन के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं पारदर्शी जांच की मांग की। कैंडल मार्च नगर के कपूरी चौक से मसौढ़ी स्टेशन विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान प्रतिभागी हाथों में मोमबत्तियां और भारत भूषण तिवारी के पोस्टर लिए हुए थे। मार्च में शामिल लोगों ने न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की। मार्च के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों और वक्ताओं ने कहा कि भारत भूषण तिवारी एनकाउंटर को लेकर अभी भी कई सवाल अनुत्तरित हैं, जिससे आम लोगों के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने लाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए किसी स्वतंत्र एजेंसी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय और पारदर्शिता सर्वोपरि है। यदि किसी घटना को लेकर जनता के मन में सवाल हैं, तो उनका निष्पक्ष जवाब मिलना आवश्यक है। इससे न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र पर लोगों का विश्वास और मजबूत होगा। कैंडल मार्च के समापन पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले में शामिल दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर रणविजय सिंह चौहान, अभय कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, विक्की राणा, शिवम सिंह, गोलू सिंह, पीयूष सिंह, प्रदीप पाठक, रविंद्र पांडे, नागेंद्र पांडेय, अंकुर मिश्रा, ऋषभ तिवारी, अति उत्तम, विवेक मिश्रा, सौरभ कुमार, रितेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## महिला कैदी गर्भवती प्रकरण : हाई कोर्ट में मेडिकल और न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश, 9 जुलाई को अगली सुनवाई




**रांची।** रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में एक महिला कैदी के गर्भवती होने और उससे जुड़े कथित यौन शोषण के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने पीड़ित महिला की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की। वहीं, उच्च न्यायालय के निर्देश पर कराई जा रही न्यायिक जांच की वर्तमान स्थिति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में दाखिल की गई। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। सुनवाई के दौरान रांची के जुडिशियल कमिश्नर की ओर से न्यायिक जांच से संबंधित सीलबंद रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को अवगत कराया था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के जुडिशियल कमिश्नर ने 19 मई 2026 को जुडिशियल मजिस्ट्रेट-11, रांची को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 196(2)(बी) के तहत न्यायिक जांच करने का निर्देश दिया था। साथ ही एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था। सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। झालसा की जांच टीम ने होटवार जेल पहुंचकर मामले की पड़ताल की थी। टीम ने पीड़ित महिला, जेल में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) तथा जेल चिकित्सक के बयान दर्ज किए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट झालसा को सौंप दी गई थी। इसके अतिरिक्त रांची जिला प्रशासन और जेल महानिरीक्षक (आईजी) स्तर पर भी स्वतंत्र रूप से जांच कराई गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्च न्यायालय पूरे घटनाक्रम की निगरानी कर रहा है। अब सभी पक्षों की रिपोर्टों के परीक्षण के बाद नौ जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई में मामले में आगे की दिशा स्पष्ट होने की संभावना है।

## स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया और न्याय निर्णयन शक्तियों पर कार्यशाला आयोजित



**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), खूंटी द्वारा मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभागार में स्थायी लोक अदालत की सांविधिक प्रक्रिया, सुलहकारी अधिदेश एवं न्याय निर्णयन शक्तियों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए खूंटी रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत, खूंटी के अध्यक्ष कौशलेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ स्थायी लोक अदालत की सदस्य मधु चंदा कुमार रजक एवं रूबी कुमारी, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) अजीत कुमार, मुख्य विधिक सहायता रक्षा परामर्शी (एलएडीसी) राजीव कमल, पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वालंटियर तथा विभिन्न लोक उपयोगिता सेवा विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कौशलेश कुमार सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम, 1987 के तहत लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित वाद-पूर्व मामलों के निपटारे की प्रक्रिया और स्थायी लोक अदालत की भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान में सभी हितधारकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। एलडीएम अजीत कुमार ने एनपीए खातों, बैंकिंग प्रक्रियाओं तथा परिसीमा अवधि की जानकारी दी और लंबित मामलों के त्वरित निपटारे में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## टेंपो किराया वृद्धि पर भड़का जनाक्रोश, उपायुक्त से शिकायत




**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में टेंपो चालकों द्वारा कथित रूप से मनमाने ढंग से किराया वसूले जाने को लेकर यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किराया वृद्धि के नाम पर निर्धारित दर से अधिक राशि लेने और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोपों के बीच स्थानीय निवासी किरण कुमारी ने मंगलवार को उपायुक्त राजीव रंजन को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। मंगलवार को किरन कुमारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से शहर में टेंपो किराए में किसी प्रकार की बढ़ोतरी का आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके बावजूद कई रूटों पर यात्रियों से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि टेंपो किराए में वृद्धि नहीं होने की बात उपायुक्त राजीव रंजन ने दी है। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में मानगो के किरण कुमारी ने आरोप लगाया कि 12 जून 2026 से शहर के विभिन्न स्टॉपेजों पर टेंपो किराए में वृद्धि की बात प्रचारित की गई थी। मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जमशेदपुर शिक्षित बेरोजगार टेंपो चालक संघ की ओर से पुराने और नए किराए की सूची भी सार्वजनिक की गई थी। हालांकि, जमीनी स्तर पर कई चालक प्रकाशित किराया सूची से कहीं अधिक राशि यात्रियों से वसूल रहे हैं। कई मामलों में यात्रियों से अधिक पैसे लेने के बाद शेष राशि भी वापस नहीं की जाती। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और छात्र-छात्राओं को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। किरण कुमारी ने अपने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि साकची से मानगो और आजाद बस्ती जाने वाले मार्ग पर स्टॉपेजों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर मनमाने तरीके से किराया बढ़ा दिया गया है। यही स्थिति मानगो, डिमना सहित अन्य प्रमुख रूटों पर भी देखने को मिल रही है। टेम्पो चालकों की ओर से जिला प्रशासन की ओर बढ़ोतरी के निर्देश दिए जाने की बात कही जा रही है। साथ जिला प्रशासन के नाम पर यात्रियों को धमकाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने उपायुक्त से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर वास्तविक किराया दरों को सार्वजनिक किया जाए और मनमानी वसूली करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के रेगरे बड़का रेगरे गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से यमुना सिंह की दुधारू गाय की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार की ओर से निर्धारित मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया में मदद की। साथ ही पशुपालन विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों से दूरभाष पर संपर्क कर दस्तावेजी कार्रवाई शीघ्र पूरी करने का आग्रह किया, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द राहत मिल सके। इस दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के लिए सरकार की निर्धारित योजना के तहत पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने में भाजपा कार्यकर्ता पूरा सहयोग करेंगे। मौके पर भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा देवी, मंडल मंत्री नीलाम्बर सिंह, महामंत्री मधुसूदन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नक्सलियों को सहायता पहुंचाने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्करों को हाई कोर्ट से जमानत

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2020 में लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित लुकिया मोड़ पर पुलिस की पीसीआर वैन पर हुए नक्सली हमले के मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों को जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। खंडपीठ ने मामले के आरोपित फगुना गंझू और सुनील गंझू की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दी। दोनों आरोपितों को जांच एजेंसियों ने नक्सलियों के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के रूप में कार्य करने तथा हमले में सहयोग पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वे वर्ष 2020 से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे। सुनवाई के दौरान आज अदालत के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि दोनों आरोपित लगभग छह वर्षों से जेल में बंद हैं और मुकदमे का निष्पादन अभी तक पूरा नहीं हो सका है। लंबी अवधि से कारावास में रहने तथा अन्य तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उन्हें जमानत का लाभ देने का निर्णय लिया। मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास तथा अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा। एनआईए ने आरोपितों की जमानत याचिका का विरोध करते हुए उन्हें नक्सली संगठन को सहयोग पहुंचाने वाला बताया, हालांकि अदालत ने मामले के तथ्यों और हिरासत की अवधि पर विचार करते हुए जमानत मंजूर कर ली। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में पूर्व में दो अन्य आरोपित बैजनाथ और राजेश को भी झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। अब इस मामले में गिरफ्तार सभी चारों आरोपितों को जमानत मिल चुकी है। गौरतलब है कि 13 जून 2020 को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकिया मोड़ के समीप नक्सलियों ने पुलिस की पीसीआर वैन को निशाना बनाकर घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे, जबकि कई अन्य जवान घायल हुए थे। घटना के बाद राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर मामले की जांच की थी। बाद में इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी, जिसने नक्सली संगठन को रसद, सूचना और अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया था। यह मामला झारखंड में नक्सली हिंसा की बड़ी घटनाओं में से एक माना जाता है, जिसमें सुरक्षा बलों को भारी क्षति उठानी पड़ी थी। मामले की सुनवाई फिलहाल संबंधित अदालत में जारी है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समाज के लिए समर्पित था : कोचे मुंडा



**एजेंसी। खूंटी**

भारतीय जनता पार्टी तोरपा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समाज के लिए समर्पित था। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ मुखर्जी के जीवन, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा तोरपा मंडल अध्यक्ष सुबोध गुप्ता, संतोष जायसवाल, नीरज जायवाल, सुबोध जयसवाल, दीपक तिग्गा कृपा सिंधु बेहरा, गन्दौरी गुड़िया, शिव नारायण नाथ शाहदेव, राजू साहू, प्रीतम महतो, शशांक शेखर राय, भागीरथ राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बोकारो लापता युवती मामलाः डीएनए रिपोर्ट हाई कोर्ट में पेश, 25 जून को अगली सुनवाई

**एजेंसी। रांची**




बोकारो की लापता युवती मामले में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। जंगल से बरामद कंकाल और युवती के माता-पिता के डीएनए नमूनों के मिलान संबंधी रिपोर्ट कोलकाता स्थित केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से प्राप्त हो गई है। सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत इस रिपोर्ट का झारखंड उच्च न्यायालय ने अवलोकन किया। मामले की अगली सुनवाई अब 25 जून को होगी। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान विशेष जांच दल (एसआईटी) की टीम भी न्यायालय में उपस्थित रही। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में हुई। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को डीएनए परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मंगलवार को निर्देश के अनुपालन में सीएफएसएल की रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष पेश की गई। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनसेंट रोहित मार्की और शांतनु गुप्ता ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले के आरोपित दिनेश महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि लापता युवती का कंकाल बोकारो के एक जंगल से बरामद किया गया था, जिसके बाद उसकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए जांच कराई गई। मामले में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठे हैं। जांच के दौरान लापरवाही सामने आने पर बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने पिंडराजोड़ा थाना प्रभारी सहित कुल 28 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। युवती 31 जुलाई 2025 से लापता थी। इस संबंध में बोकारो के पिंडराजोड़ा थाना में कांड संख्या 147/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया था। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच और न्यायिक प्रक्रिया में नया मोड़ आने की संभावना है। अब सभी की निगाहें 25 जून को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां मामले में आगे की कार्रवाई और जांच की दिशा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सामने आ सकते हैं।

# गुमला के भरनो में सर्वाधिक 82 मिमी बारिश, 29 जून तक बारिश-तेज हवा का येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान गुमला जिले के भरनो में सर्वाधिक 82 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि कई इलाकों में बारिश होने के बावजूद राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को गर्मी और उमस का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय बनी हुई हैं। इसके प्रभाव से 29 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। संभावित मौसमीय गतिविधियों को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम 36.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। ऐसे में राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने किसानों, यात्रियों और खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को मौसम की ताजा जानकारी पर नजर बनाए रखने तथा खराब मौसम के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि, राष्ट्र एकता के लिए उनके योगदान को किया याद

**एजेंसी। रांची**



भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय और मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय के अलावा राज्य भर के विभिन्न मंडलों में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए देश को नई वैचारिक दिशा प्रदान की। आदित्य साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और राष्ट्रहित में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उनका संकल्प राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उनका जीवन और संघर्ष आज भी देशवासियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनका जीवन हमें राष्ट्रसेवा के मार्ग पर दृढ़ता, निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना ही डॉ. मुखर्जी की सबसे बड़ी विरासत है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भानू प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।

## सर्पदंश से महिला की मौत, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र के अंगारडीहा गांव में सर्पदंश की एक दुखद घटना में 49 वर्षीय महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के आश्रितों को सरकारी मुआवजा और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। परिजनों के अनुसार, बेलमाई सुंडी नाम की महिला सोमवार रात अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान उन्हें किसी जहरीले सांप ने डंस लिया। कुछ समय बाद उनके पैर में तेज दर्द और जलन होने लगी। दर्द बढ़ने पर उन्होंने अपनी बहू संगीता सोय को आवाज देकर बुलाया और अपनी परेशानी बताई। संगीता सोय ने बताया कि रात करीब 12 बजे उनकी सास ने पैर में असहनीय दर्द और जलन की शिकायत की थी। प्रारंभ में परिवार के लोगों को लगा कि यह सामान्य समस्या हो सकती है, इसलिए उन्होंने पैर की मालिश कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन थोड़ी ही देर में उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। शरीर में कमजोरी, घबराहट और अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने लगे, जिससे परिजन चिंतित हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि बेलमाई सुंडी अपने परिवार की महत्वपूर्ण सदस्य थीं और उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर आर्थिक और सामाजिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत योजना के तहत तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि परिवार को इस कठिन समय में कुछ राहत मिल सके।

# जरियागढ़ में भाजपा ने दी डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**एजेंसी। खूंटी**

भारतीय जनता पार्टी गोविंदपुर मंडल की ओर से मंगलवार को जरियागढ़ में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" के संकल्प के साथ संघर्ष किया और राष्ट्र की एकता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में सीमा देवी, पंचानंद दास, जगरनाथ साहू, नारायण नायक, राधामोहन सिंह, कामेश्वर दास, बीरेंद्र साहू, मधुसूदन साहू, नंदकुमार सिंह, बलभद्र साहू, मनिउल्लाह खान, बिनन सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जगन्नाथपुर मंदिर के बेहतर प्रबंधन के लिए हाई कोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड से मांगी संचालन योजना

**एजेंसी। रांची**

रांची स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के प्रबंधन और संचालन को लेकर चल रहे विवाद पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड को मंदिर के संचालन, प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विस्तृत योजना (स्कीम) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम की धारा 32 के तहत मंदिर के सुचारु संचालन और प्रबंधन के लिए विधिसम्मत योजना तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए। मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता भारत कुमार ने पक्ष रखा, जबकि याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता वी.पी. सिंह ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय ने अदालत को अवगत कराया कि जगन्नाथपुर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सातों दिन चौबीसों घंटे पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। इस संबंध में रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) द्वारा आवश्यक आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया था कि जगन्नाथपुर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। मंदिर अपेक्षाकृत सुनसान क्षेत्र में स्थित होने के कारण सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बनी रहती हैं। साथ ही कुछ समय पूर्व मंदिर के एक सुरक्षा गार्ड की हत्या की जांच के दौरान भी कुछ अप्रिय घटनाएं सामने आई थीं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे थे। अदालत को यह भी बताया गया था कि विशेषकर रात्रि के समय मंदिर परिसर में पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध नहीं रहते हैं।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com
पी0पी0पी0 मोड पर दुकान निर्माण/आवंटन संबंधी विज्ञापन निरस्त करने संबंधी सूचना।

विभागीय पत्रांक 01/स्था(जि0प0)–1/2026 1552/राँची, दिनांक 27.05.2026 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में इस कार्यालय के ज्ञापांक 894/जि0प0, दिनांक 22.05.2026 के माध्यम से प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत जपला जे0पी0 चौक पर पूर्व से स्थित यात्री शेड को तोड़कर उसके स्थान पर पी0पी0पी0 मोड पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण/आवंटन हेतु प्रकाशित विज्ञापन (PR No.- 380619) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 383012 District(26-27)D

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का ऐतिहासिक फैसला- पूर्व अग्निवीरों को भर्तियों में 20% आरक्षण

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घोषणा की है कि राज्य सरकार की विभिन्न क्लास-3 श्रेणी की सीधी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट और अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष तक की रियायत भी मिलेगी। अग्निवीर योजना के पहले बैच के जवानों को विशेष राहत देते हुए पांच वर्ष तक की आयु सीमा छूट देने का भी निर्णय लिया गया है। यह लाभ पुलिस, एसआरपी, जेल और वन विभाग की कई भर्तियों में लागू होगा। राज्य सरकार का मानना है कि पूर्व अग्निवीरों के अनुशासन, प्रशिक्षण और अनुभव का उपयोग प्रशासनिक सेवाओं में प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। यह कदम पूर्व सैनिकों के रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में अहम माना जा रहा है। सीएम भूपेंद्र पटेल कहा कि अग्निवीर योजना के पहले बैच के जवानों के लिए तय अधिकतम उम्र सीमा में पांच साल तक की छूट देने के लिए भी गाइडलाइंस जारी कर दिए गएं हैं। जिनके फैसलों का लाभ आर्म्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर, आर्म्ड पुलिस कॉन्स्टेबल, एस.आर.पी. प्लाटून कमांडर और पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती में मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेल विभाग के तहत जेलर ग्रुप-2 और जेल सिपाही, तथा वन एवं पर्यावरण विभाग की फॉरेस्ट गार्ड क्लास-3 और फॉरेस्ट वॉचर क्लास-3 कैटेगरी में सीधी भर्ती के लिए भी पूर्व अग्निवीरों को यह लाभ दिया जाएगा। बता दें कि गुजरात सरकार के सूचना आयुक्त कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्व अग्निवीरों के लिए सीएम भूपेंद्र भाई पटेल का अहम फैसला। राज्य पुलिस बल के आर्म्ड विंग विभाग, एस.आर.पी., जेल विभाग और वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड व फॉरेस्ट रेंजर (क्लास- 3) पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि इन भर्तियों के लिए पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट देने और निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में तीन साल तक की रियायत देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अग्निवीर योजना के पहले बैच के जवानों के लिए तय अधिकतम आयु सीमा में 5 साल तक की रियायत देने के निर्देश भी दिए हैं।

### 10 लाख का चेक दान कर बनीं मिसाल, बुजुर्ग महिला के जज्बे को देश कर रहा सलाम

**बेंगलुरु / दावणगेरे, एजेंसी।** कर्नाटक के दावणगेरे से एक प्रेरणा देने वाली कहानी सामने आ रही है। केबी करिबासम्मा कैंसर पीड़ित पूर्व शिक्षिका ने अपनी पूरी जमा-पूंजी सैनिकों के कल्याण के लिए दान कर मिसाल पेश की। यही एक सरकारी शुरूआत है, जिसके जरिए देश की रक्षा में शहीद हुए जवानों के परिवार वालों की मदद के लिए योगदान कर सकते है। केबी करिबासम्मा एक प्रसिद्ध स्कूल की अध्यापिका और इच्छामृत्यु की समर्थक है। इन्होनें अपनी पेंशन, घर बेच कर मिली रकम और बाकी संपत्ति को मिलाकर यह दान किया। केबी करिबासम्मा खुद कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। बता दें, कि वह लंबे समय से इच्छामृत्यु की मांग को लेकर एक अभियान चला रहे है। इस अभियान का उद्देश्य गंभीर रूप से असाध्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार मिल सकें। आपको बता दें, कि करिबासम्मा दावणगेरे जिले में इच्छा मृत्यु के समर्थन में अभियान चलाने के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही उन्होंने अब सब कुछ बेचकर सेना को दान कर दिया है। उनके इस कदम की समाज में काफी सराहना भी हो रही है। उन्होंने अपनी जमा पूंजी से 10 लाख रुपए का चेक भारत के वीर कॉर्पस फंड में दिया और फिलहाल वे एक वृद्धाश्रम में रह रही है। करिबासम्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अपने जीवन भर की संपत्ति पीएम मोदी को देना चाहती थी, लेकिन मुझे ऐसा सौभाग्य प्राप्त नही हुआ। मेरी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। उन्होंनें यह भी बताया कि मैनें प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। मैने अपना यह धन अपने शहर के डिप्टी कमिश्नर को सौंप दिया है। इलाज पर खर्च करने के बजाय वह यह राशि सैनिकों के कल्याण के लिए देंगी।

# सीएम विजय ने तमिलनाडु विधानसभा में दिया 'रील' से 'रियल' तक का जोरदार भाषण



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने मंगलवार को उन आलोचकों को जवाब दिया जिन्होंने 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) को सिर्फ एक एक्टर की पार्टी कहकर खारिज कर दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि पार्टी का सत्ता में आना बरसों की सक्रियता और जनता से जुड़ाव का नतीजा है।

विधानसभा में लंबा भाषण देते हुए विजय ने उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सीधे फिल्म सेट से राजनीति में आए हैं। उन्होंने इसे सिर्फ एक 'रील' (फिल्मी) स्टोरी बताया। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ पार्टी के विरोध को याद किया और टीवीके की राजनीतिक यात्रा के दौरान आई चुनौतियों पर बात करते हुए करूर भगदड़ विवाद का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा, 'कुछ लोग कहते हैं कि मैं सीधे फिल्म की शूटिंग के सेट से मुख्यमंत्री बनने आया हूं। उनकी ही भाषा में कहूं तो यह सिर्फ एक 'रील' है। ज्यादातर लोग पहले राजनीतिक पार्टी बनाते हैं और फिर लोगों के पास जाते हैं। हम पहले लोगों के पास गए और उसके बाद अपनी पार्टी शुरू की। जो लोग इस बात को नहीं समझ पाते, वही हमें सिर्फ एक एक्टर की पार्टी कहकर खारिज कर देते हैं। '

उन्होंने आगे कहा, '2026 के चुनाव में हम बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव लड़ेंगे।' करूर भगदड़ को लेकर अपनी पार्टी पर लगे आरोपों का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'करूर में 41 लोगों की जान चली गई और इसका दोष हम पर मढ़ दिया गया। क्या राजनीति इसी तरह की जानी चाहिए? '

### सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों का भी जिक्र

इसके बाद विजय ने उन कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों का जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने और उनके समर्थकों ने टीवीके शुरू करने से बहुत पहले ही आवाज उठाई थी।

उन्होंने कहा, '2011 में हमने मछुआरों के समर्थन में एक जनसभा आयोजित की और उनकी ओर से अपनी चिंताएं जाहिर कीं। हमने जल्लीकट्टू विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। हमने व्यक्तिगत रूप से जाकर स्टरलाइट विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। हमने शिक्षा के क्षेत्र में होनहार छात्रों को स्कॉलरशिप और प्रोत्साहन राशि दी। इन सबके बाद हमने टीवीके की शुरुआत की। '

उन्होंने कहा, 'हमने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करते हुए भी बयान जारी किए।' गवर्नर के भाषण का जवाब देते हुए विजय ने तमिलनाडु के लोगों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि उनकी सेवा करना उनकी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

यह कहते हुए कि टीवीके पेरियार की धर्म को नकारने वाली सोच को नहीं मानती विजय ने कहा कि पार्टी ने द्रविड़ आइकन से जुड़े व्यापक सिद्धांतों को अपनाया है। उन्होंने कहा, 'हमने पेरियार की धार्मिक मान्यताओं को तो नहीं अपनाया, लेकिन उनके व्यापक सिद्धांतों को पूरी तरह से स्वीकार किया। हमने हमेशा यह साफ किया है कि हम किसी की विचारधारा के खिलाफ नहीं हैं। हमने साफ तौर पर पहचाना कि हमारे राजनीतिक विरोधी कौन हैं और हमारे वैचारिक विरोधी कौन हैं। '

### पहले के मुख्यमंत्रियों का भी जिक्र

अपनी सरकार को आम नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार के तौर पर पेश करते हुए विजय ने पूर्व मुख्यमंत्रियों सी.एन. अन्नादुरई और एम.जी. रामचंद्रन का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसे अन्ना के समय आम लोगों की सरकार थी और एमजीआर के समय बहुत ही साधारण लोगों की सरकार थी, वैसे ही विजय के नेतृत्व वाली यह सरकार सबसे साधारण लोगों की सरकार है। '

#### कंज्यूमर कोर्ट ने अस्पताल की दलीलों को किया खारिज

# आयुष्मान कार्ड होने पर भी वसूले लाखों रूपये, अब अस्पताल भरेगा जुर्माना

**रोहतक , एजेंसी।** हरियाणा से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए एक बड़ी जीत है और मनमानी करने वाले अस्पतालों के लिए एक सबक। एक निजी अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद एक मरीज से इलाज के नाम पर 7.25 लाख रुपये वसूल लिए। इलाज के बाद मरीज की मौत हो गई। इसके बाद जब विधवा पत्नी ने न्याय के लिए आवाज उठाई, तो उपभोक्ता अदालत ने अस्पताल को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने अस्पताल को 5 लाख रुपये रिफंड करने के साथ-साथ मुआवजा और अदालती खर्च भरने का आदेश दिया है।

**क्या है पूरा मामला?:** रिपोर्ट के मुताबिक, महिला के पति को 12 जून 2024 को पेट दर्द और सांस लेने में भारी तकलीफ हुई थी। शुरुआत में उन्हें भिवानी ले जाया गया और फिर 13 जून को रोहतक के पॉजिट्रॉन अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरीज और उसकी पत्नी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी थे, जिसके तहत उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलनी थी।

शिकायत के मुताबिक, आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल ने महिला से 7.25 लाख रुपये की भारी रकम यह कहकर वसूल ली कि योजना के तहत अप्रूवल मिलने के बाद पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। महिला ने अपने पति की जान बचाने के लिए रिश्तेदारों से कर्ज लेकर यह रकम चुकाई। दुर्भाग्य से, मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और 25 जून 2024 को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अगले ही दिन (26 जून) मरीज की मौत हो गई। पति की मौत के बाद जब महिला ने अस्पताल से 5 लाख रुपये रिफंड मांगे, तो अस्पताल ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। अस्पताल ने दावा किया कि वे आयुष्मान योजना के तहत इस बीमारी का इलाज नहीं करते हैं। इसके बाद महिला ने चरखी दादरी जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।

अस्पताल ने कोर्ट में अपना बचाव करते हुए महिला की शिकायत को झूठा और पैसे ऐंठने की कोशिश बताया। अस्पताल की तरफ से दी गई दलीलें इस प्रकार थीं।

अस्पताल ने कहा कि वह आयुष्मान योजना के तहत सिर्फ कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) और कार्डियो-थोरेसिक सर्जरी के लिए पैनल में शामिल है। चूंकि मरीज 'एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस' और 'सेप्सिस' से पीड़ित था, इसलिए उसका इलाज योजना के तहत कवर नहीं होता था।

अस्पताल ने कहा कि इलाज से पहले परिजनों को यह बात बता दी गई थी और सहमति के बाद ही मरीज को 'कैश पेशेंट' (नकद भुगतान वाले मरीज) के तौर पर भर्ती किया गया था। चरखी दादरी जिला उपभोक्ता आयोग के पीठासीन सदस्य मनजीत सिंह नरयाल ने अस्पताल की सभी दलीलों को खारिज कर दिया। 3 जून को दिए गए अपने आदेश में आयोग ने पाया कि अस्पताल ने ऐसा कोई दस्तावेजी सबूत पेश नहीं किया जो यह साबित करे कि मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के दायरे से बाहर था। अस्पताल और प्राधिकरण के बीच हुए समझौते (स्ह्व) के 'क्लॉज 13' में 'चिकित्सा उपचार' को बहुत व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है।

# डस्टबिन खुद बुलाएगा सफाईकर्मी, नोएडा में शुरू हुई देश की पहली स्मार्ट कचरा व्यवस्था; कैसे काम करेगी ये तकनीक?

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण शहर में कचरा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कई बड़े बदलाव करने जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, ताकि वह सड़क पर किसी भी प्रकार का कचरा न फेंकें। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी से लैस कचरा पेटियों (डस्टबिन) की व्यवस्था की जाएगी। जैसे ही इन डस्टबिन में कचरा भर जाएगा, कंट्रोल रूम में घंटी बजने लगेगी। इससे प्राधिकरण का जन स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो जाएगा और कचरा कलेक्शन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



यह व्यवस्था देश में पहली बार नोएडा में लागू की जा रही है। प्रथम चरण में इसे सार्व जनिक शौचालयों पर लागू किया जाएगा। प्राधिकरण ने शहर में 320 सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना की है, जो पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत संचालित हो रहे हैं। इस मॉडल की सराहना करते हुए मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स (महुआ) ने अन्य नगर निगमों को भी इसे अपनाने की सलाह दी है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इन डस्टबिन को शौचालयों के बाहर स्थापित किया जाएगा, जो जीपीएस और सेंसर से युक्त होंगे। इनकी मानिटरिंग इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) द्वारा की जाएगी, जहां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सभी गाड़ियों की निगरानी होती है। हालांकि नियमित डस्टबिन की सफाई और कचरा कलेक्शन का कार्य जारी रहेगा। यदि डस्टबिन में कचरा भर जाता है।

# अगले 48 घंटे होंगे भारी... बिहार-बंगाल और महाराष्ट्र समेत 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट; दिल्ली में भी बदलेगा मौसम

**पटना/कोलकाता/मुंबई/एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को देश कई कई राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें बिहार से लेकर बंगाल व नॉर्थ ईस्ट और जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक भयंकर आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 25 जून तक कुछ जगहों पर बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गंगा के मैदानी इलाकों वाला पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। इनके अलावा असम, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। बिहार, अरुणाचल प्रदेश, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में भी भारी बारिश की संभावना है।

15 दिन से छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका मानसून अब आगे बढ़ चुका है। 23 जून से 5 जुलाई के बीच इसके मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान तक पहुंचने का अनुमान है। देश की राजधानी दिल्ली और उसके आस-पास के इलाके इस वक्त ज्यादा तपिश झेल रहे हैं। जून का महीना आमतौर पर दिल्ली में सबसे गर्म महीनों में से एक होता है, जिसमें तापमान अक्सर 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर जाता है। अब मौसम विभाग का अनुमान है कि आंधी-तूफान और तेज हवाओं दिल्ली को इस तपिश से थोड़ी राहत मिल सकती है।



हालांकि बदलते मौसम की उम्मीद के बीच अभी दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है।

# बागी नेताओं पर ममता बनर्जी का पलटवार, ईसी को सौंपी पदाधिकारियों की नई सूची; खुद को बताया टीएमसी अध्यक्ष

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधायकों और सांसदों की बगावत के बीच तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग (ईसी) को अपने पदाधिकारियों और राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्यों की एक नई सूची भेजी है। इसमें यह बात दोहराई गई है कि ममता बनर्जी ही पार्टी की प्रमुख बनी हुई हैं।



सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि चुनाव आयोग को सौंपी गई सूची में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का जिक्र 20 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार किया गया है। पार्टी पर नियंत्रण को लेकर चल रहे दावों के बीच इस सूची के जरिए पार्टी के आधिकारिक पदानुक्रम को रिकॉर्ड पर लाया गया है।

सूची के अनुसार, ममता बनर्जी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष हैं जबकि सुब्रत बख्शी उपाध्यक्ष हैं और अभिषेक बनर्जी राष्ट्रीय महासचिव (लोकसभा नेता) हैं। पदाधिकारियों की सूची में संयुक्त सचिव के रूप में डेरेक ओ'ब्रायन (राज्यसभा सांसद) और डोला सेन और कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाशीष चक्रवर्ती का भी नाम है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में ममता बनर्जी, सुब्रत बख्शी, अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन, डोला सेन और सुभाशीष चक्रवर्ती शामिल हैं। अन्य सदस्यों में चंद्रिमा भट्टाचार्य, अमित मित्रा, राजेश पति त्रिपाठी, असीमा पात्रा, मोलॉय घटक, गौतम देब, शोभनदेब चट्टोपाध्याय, बुलु चिक बड़ाइक, मुकुल संगमा, बैस्वनोर चट्टोपाध्याय, बीरबाहा हांसदा, कल्याण बनर्जी, सौगत रॉय, नदीमुल हक, मदन मित्रा, बिमान बनर्जी, महुआ मोइत्रा और कुणाल घोष शामिल हैं। चंद्रिमा भट्टाचार्य को राष्ट्रीय कार्य समिति का सदस्य और पश्चिम बंगाल टीएमसी अध्यक्ष के तौर पर लिस्ट किया गया है, जबकि शोभनदेव चट्टोपाध्याय को सदस्य और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता के तौर पर लिस्ट किया गया है। बागी गुट ने अरूप रॉय तो बनाया अध्यक्ष चुनाव आयोग को यह जानकारी टीएमसी के बागी गुट द्वारा कोलकाता में एक विशेष सत्र आयोजित करने और एक समानांतर संगठनात्मक ढांचा घोषित करने के एक दिन बाद दी गई है। इस ढांचे में वरिष्ठ विधायक अरूप रॉय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया, जिससे सीधे तौर पर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के अधिकार को चुनौती दी गई। विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने दावा किया कि यह कदम पार्टी में संवैधानिक संकट के कारण उठाया गया है।

# 5 माह में कटे 700000 से ज्यादा के चालान, फिर भी नियमों की धज्जियां उड़ा रहे लोग

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम की सड़कों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर पुलिस सख्ती से नकेल कस रही है। कैमरों और फिजिकल जांच के जरिए रोजाना लाखों रुपये के चालान काटे जा रहे हैं, फिर भी कई वाहन चालक नियमों को ताख पर रखकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

इसमें बड़ी संख्या में वह लोग भी हैं, जिनके चालान पहले भी काटे जा चुके हैं। इस साल मई महीने तक यातायात पुलिस ने कुल 7 लाख 12 हजार से ज्यादा वाहनों के चालान किए हैं। यातायात पुलिस शहर में लगे हाईटेक कैमरों के माध्यम से रेड लाइट जंप, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने और ओवरस्पीड जैसे उल्लंघनों पर चालान कर रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि बड़ी संख्या में लोग इन चालानों को भर ही नहीं रहे। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक लाखों चालान पेंडिंग पड़े हैं। पुलिस अब सिर्फ आनलाइन चालान तक सीमित नहीं है। विशेष अभियान के तहत फिजिकल जांच के दौरान जब पुराने बकाया चालान वाले वाहन पकड़ में आते हैं और चालक के पास कोई कागजात नहीं मिलते तो उनके वाहनों को मौके पर ही सीज किया जा रहा है। कई वाहनों पर लाखों रुपये के चालान बकाया मिले हैं। पिछले तीन महीने में 50 से ज्यादा दोपहिया और चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इनमें पिछले महीने एक बाइक ऐसी भी पकड़ी गई, जिस पर करीब 12 लाख रुपये के चालान पेंडिंग पड़े थे। बाइक पर 81 से ज्यादा बार चालान हो चुके थे, लेकिन बाइक चलाने वाला व्यक्ति फिर नियम तोड़ने से बाज नहीं आया था। देखा जाता है कि भारी वाहन चालक अपनी लेन के साथ-साथ अन्य लेन में भी चलते हैं, जिसके कारण आए दिन हादसे होते हैं। जयपुर दिल्ली हाईवे पर रात के समय खतरा और बढ़ जाता है।



# राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले कर्मियों के लिए नया ड्रेस कोड, वर्दी में नहीं होंगे पॉकेट

**अयोध्या , एजेंसी।** यूपी के अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की स्ह्वङ्ग जांच के बीच अनुबंध का कड़ाई से अनुपालन हो रहा है। वहीं, जांच के दायरे में आए कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने के साथ ही बैंक प्रबंधन ने गणना कर्मियों के लिए सख्त ड्रेस कोड लागू कर दिया है। अब कर्मियों को बिना जेब वाली वर्दी पहननी होगी।

राममंदिर भवन निर्माण समिति चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने एक टीवी इंटरव्यू में सीधे तौर पर बैंक प्रबंधन को ज़िम्मेदार बताया था। उनका कहना था कि जब बैंक के साथ अनुबंध में साफ-साफ नियम बनाए गए तो गणना कर्मियों ने अनदेखी क्यों की। बताया जाता है कि बड़े क्लाइंट की वजह से बैंक ने बनारस की आउटसोर्सिंग करने वाली कंपनी से श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को कर्मचारी उपलब्ध कराए गए। उनके सैलरी भी उसी कंपनी के जरिए दिलवाए गए। सूत्रों की मानें तो 90 फीसदी नियुक्तियां ट्रस्ट पदाधिकारियों ने प्रभाव का इस्तेमाल कर करवाए।

यही नहीं, समय-समय पर नियमों में ढील भी इन्हीं पदाधिकारियों की शह पर मिलते रहे। बैंक के बड़े अफसरों का कहना है कि यह तो अनुबंध तो दोतरफा हुए न कि बैंक ने अपनी ओर से कर्मचारी थोपे। कायदे से बैंक के नियमित कर्मचारी ही इस संवेदनशील कार्य में होने चाहिए।



### समाज से कटे राम मंदिर के कर्मचारी

राम मंदिर से महत्वपूर्ण जानकारियां मीडिया में लीक होने के बाद अब मंदिर प्रशासन इसको लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। कर्मचारी अब मंदिर के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे रहे है। मोबाइल लेकर कर्मचारियों के प्रवेश पर अब पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इसके साथ में कर्मचारियों के परिजन भी किसी से कोई बातचीत नहीं कर रहे है। इसको एसआईटी के खौफ से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कई दिनों से राम मंदिर से जुड़ी कई जानकारियां मीडिया को मिल रही है। राम मंदिर प्रशासन महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां कहां से मीडिया को मिल रही है, इसका पता नहीं कर पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अब इसको लेकर मंदिर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इसके बाद अब कर्मचारियों को मीडिया से बातचीत करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इस कारण से राममंदिर के बारे कुछ भी बोलने से कर्मचारी बच रहे हैं। पहले जो कर्मचारी कभी कभार फोन उठा लेते थे, उन्होंने फोन उठाना पूरी तरह बंद कर दिया है। इसके साथ कर्मचारियों ने परिजनों को भी मीडिया अथवा अपरिचित व्यक्ति से कोई भी बात करने से मना कर दिया है। इसका असर सोमवार को दिखाई दिया। राममंदिर के किसी भी कर्मचारी को फोन करने पर वह तुरंत इसे काट दे रहा है। मीडिया से बात करने पर उसे खुद के एसआईटी की पूछताछ के दायरे में आने की आशंका लग रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# शांति समझौते पर अविश्वास की छाया

इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है ।अमेरिका और ईरान के बीच हुए करार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में फिर से शांति और स्थिरता कायम हो जाएगी, मगर इजराइल का आक्रामक रुख इस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इजराइली सेना ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में कई स्थानों को लक्ष्य बनाकर हमले किए, जिसके बाद अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता को भी फिलहाल टाल दिया गया। इससे प्रारंभिक शांति समझौते के क्रियान्वयन पर ही सवाल खड़े हो गए हैं ।इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। मगर इजराइल के तल्ख तेवर वार्ता की राह में बाधक बन रहे हैं। सवाल है कि क्या अमेरिका ने ईरान के साथ करार से पहले इजराइल के नेतृत्व को विश्वास में नहीं लिया था? क्या यह समझौता इजराइल के लिए कोई मायने नहीं रखता? आखिर क्या वजह है कि ईरान को लेकर अमेरिका के नरम रुख के बावजूद इजराइल लेबनान के मोर्चे से पीछे हटने को तैयार नहीं है ।गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में फ्रांस में ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि ईरान के नेतृत्व ने अलग से दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए इस करार के मुताबिक, ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय निगरानी में कम करना होगा और परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहरानी होगी ।हालांकि इससे जुड़े कई अन्य मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है, जिसके लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में वार्ता की शुरुआत की जानी थी और इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। मगर गुरुवार देर शाम वेंस ने अचानक यह यात्रा रद्द कर दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई, लेकिन खबरों के मुताबिक, इजराइल की ओर से लेबनान पर हमले तेज करने के कारण फिलहाल वार्ता टाल दी गई है ।सवाल है कि जब द्विपक्षीय समझौते में पश्चिम एशिया में सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही गई है, तो इजराइल लेबनान में हमले क्यों जारी रखे हुए है? इजराइल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि उसके सैन्य बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे, जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता ।समझौते के क्रियान्वयन पर संशय का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को खोलने पर सहमति तो जता दी है, लेकिन इस मार्ग की निगरानी का प्रभार संभाल रहे प्राधिकरण ने समझौते के बाद नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सभी जहाज संचालकों से अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही के लिए ईरान शुल्क वसूलने की व्यवस्था लागू कर सकता है ।अगर ऐसा होता है, तो तेल और गैस परिवहन की लागत बढ़ जाएगी, जिससे इसकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। यानी ऊर्जा के मौजूदा संकट की वजह से भारत समेत जिन देशों में महंगाई बढ़ी है, वहां आम लोगों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद भी कम ही रहेगी ।वहीं, अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देश ईरान की ओर से जहाजों पर शुल्क लगाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसे में शांति समझौते के तहत वार्ता शुरू करने तथा उसे अंजाम तक पहुंचाने की राह आसान नहीं होगी।

*दुनिया जब रसायनों से थककर फिर मिट्टी, वनस्पतियों और प्राकृतिक उपचारों की ओर लौट रही है, तब भारत के पास अपनी परंपरा और ज्ञान के बल पर वैश्विक नेतृत्व का अवसर है। यदि नीति, विज्ञान और किसान की मेहनत का सही संगम हो जाए, तो भारत के गांव केवल अन्न भंडार नहीं रहेंगे, बल्कि वे दुनिया के स्वास्थ्य प्रहरी बन सकते हैं। खेतों की हरियाली तब केवल आर्थिक समृद्धि का प्रतीक नहीं होगी।*

# खेतों से दवा तक- औषधीय खेती किसानों के लिए खोल रही है कमाई की नई राह

**(बलवंत राज मेहता)**

देश का किसान अब केवल गेहूं, धान, कपास और गन्ने की फसल तक सीमित नहीं रहना चाहता। बदलती जलवायु, खेती की बढ़ती लागत, घटता लाभ और बाजार की अनिश्चितता ने किसानों को नए विकल्पों की तलाश के लिए प्रेरित किया है। भारत की धरती सदियों से ऐसी जड़ी-बूटियों की जननी रही है, जिन्होंने केवल रोगों का उपचार ही नहीं किया, बल्कि जीवन जीने की भारतीय दृष्टि को भी आकार दिया। कभी गांवों के आंगन में तुलसी का चौरा, खेतों की मेड़ों पर नीम, जंगलों में गिलोय और घरों की रसोई में हल्दी केवल परंपरा नहीं थे, बल्कि लोक-स्वास्थ्य की मजबूत व्यवस्था थे। आज जब दुनिया रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों से परेशान होकर फिर प्रकृति की ओर लौट रही है, तब भारत की औषधीय खेती एक नए युग की दस्तक बनकर सामने खड़ी है। देश का किसान अब केवल गेहूं, धान, कपास और गन्ने की फसल तक सीमित नहीं रहना चाहता। बदलती जलवायु, खेती की बढ़ती लागत, घटता लाभ और बाजार की अनिश्चितता ने किसानों को नए विकल्पों की तलाश के लिए प्रेरित किया है। इसी दौर में औषधीय पौधों की खेती आशा की नई किरण बनकर उभरी है। अश्वगंधा, एलोवेरा, तुलसी, सर्पगंधा, आंवला, गिलोय, गुग्गल और शतावरी जैसी फसलें किसानों के लिए आय का नया आधार बन रही हैं। केंद्र सरकार भी इस संभावना को समझ रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के माध्यम से किसानों को औषधीय पौधों की खेती पर 30 से 75 फीसद तक अनुदान दिया जा रहा है। उद्देश्य केवल खेती बढ़ाना नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक हर्बल बाजार में मजबूत पहचान दिलाना है। सरकार नर्सरी विकास, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन जैसी व्यवस्थाओं को भी मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। दरअसल, यह समय केवल खेती बदलने का नहीं, बल्कि खेती की सोच बदलने का है। आज दुनिया स्वास्थ्य को केवल अस्पताल और दवाओं से नहीं जोड़ रही, बल्कि जीवनशैली, भोजन और प्राकृतिक उपचार से भी जोड़कर देख रही है। कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को यह एहसास कराया कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्त्वपूर्ण है। इसी दौरान भारतीय काढ़ा, हल्दी वाला दूध, गिलोय, तुलसी और अश्वगंधा जैसी औषधीय जड़ी-बूटियों की मांग अचानक बढ़ गई। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के प्रति विश्वास बढ़ा है। भारतीय आयुष उद्योग का विस्तार अब लाखों करोड़ रुपए के बाजार की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस बदलती वैश्विक सोच का सबसे बड़ा लाभ भारत के किसानों को मिल सकता है। विशेष रूप से राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां पानी की कमी और सूखा हमेशा चुनौती रहे हैं, वहां औषधीय खेती वरदान साबित हो सकती है। गुग्गल, अश्वगंधा और एलोवेरा जैसी फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं। कई औषधीय पौधे ऐसी भूमि में भी उगाए जा सकते हैं, जहां पारंपरिक खेती लाभकारी नहीं रह जाती। यही कारण है कि अब युवा किसान और शिक्षित ग्रामीण भी इस क्षेत्र में रुचि लेने लगे हैं। औषधीय खेती का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसमें मूल्य संवर्धन की अपार संभावनाएं हैं। यदि गांव स्तर पर ही सुखाने, छंटाई करने, तेल निकालने, पाउडर बनाने और पैकेजिंग करने जैसी इकाइयां विकसित हों, तो किसान केवल कच्चा माल बेचने तक सीमित नहीं रहेगा। वह एक लघु उद्यमी की तरह अपनी आय बढ़ा सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार भी बढ़ेगा और पलायन कम होगा। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह भी हर्बल प्रसंस्करण और घरेलू उत्पाद निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आज कई राज्यों में औषधीय खेती की पहल हो रही है। गंगा किनारे विकसित किया जा रहा हर्बल गलियारा इसका उदाहरण है। यदि किसी क्षेत्र में एक साथ बड़ी मात्रा में औषधीय पौधों की खेती होती है, तो वहां प्रसंस्करण इकाइयां और खरीदार आसानी से विकसित हो सकते हैं। इससे किसानों को बाजार की स्थिरता मिलेगी और निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। मगर तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। औषधीय खेती जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या बाजार की अनिश्चितता है। कई किसान उत्साह में औषधीय पौधे लगा लेते हैं, लेकिन बाद में उन्हें उचित खरीदार नहीं मिलते। कई बार कंपनियां शुरुआत में ऊंचे दाम का वादा करती हैं, लेकिन फसल तैयार होने पर कीमतें गिर जाती हैं। बिचौलियों का हस्तक्षेप भी किसानों के लाभ को कम कर देता है। औषधीय पौधों की खेती में गुणवत्ता सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। केवल पौधा उगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसमें आवश्यक औषधीय तत्त्वों की मात्रा भी मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। इसके लिए वैज्ञानिक खेती, उचित बीज, परीक्षण और प्रमाणन की जरूरत होती है। सामान्य किसान के लिए यह प्रक्रिया अभी भी जटिल और खर्चीली है। यदि प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन मजबूत नहीं हुआ, तो किसान अपेक्षित लाभ नहीं उठा पाएंगे। एक बड़ी चिंता जैव विविधता की भी है। बढ़ती व्यावसायिक मांग के कारण कई दुर्लभ जड़ी-बूटियों का अत्यधिक दोहन हो रहा है। जंगलों से अवैज्ञानिक तरीके से संग्रहण पर्यावरण के लिए खतरा बन सकता है। इसलिए औषधीय खेती को केवल व्यापारिक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन से जोड़कर देखना होगा। जैविक खेती, जल संरक्षण और स्थानीय समुदायों की भागीदारी यहां अत्यंत आवश्यक है। भारतीय ग्रामीण समाज में औषधीय ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि लोक जीवन में बसा हुआ है। गांवों में दादी-नानी पीढ़ियों से घरेलू उपचारों का ज्ञान संजोती आई हैं। आदिवासी समुदायों के पास अनेक दुर्लभ वनस्पतियों की जानकारी है। दुर्भाग्य से आधुनिक विकास की दौड़ में यह ज्ञान धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। यदि औषधीय खेती को इस लोक-ज्ञान से जोड़ा जाए, तो यह केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम भी बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि औषधीय खेती को केवल सरकारी योजना या अनुदान तक सीमित न रखा जाए। कृषि विश्वविद्यालयों, आयुष संस्थानों, वैज्ञानिकों और किसान संगठनों को मिलकर ऐसा मॉडल विकसित करना होगा, जिसमें किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक आत्मनिर्भर बन सके। गांव स्तर पर औषधीय मंडियां, परीक्षण प्रयोगशालाएं और प्रसंस्करण इकाइयां विकसित करनी होंगी। किसानों को फसल चयन से लेकर बाजार की मांग तक की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। डिजिटल तकनीक भी इस क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल सकती है। यदि किसानों को मोबाइल पर बाजार भाव, खरीदारों की जानकारी और खेती संबंधी सलाह मिले, तो वे बेहतर निर्णय ले सकेंगे।

# कल्याण के दिव्य सूत्रों का संग्रह है योग का अमृत कलश

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

योग को भारतीय दर्शन का सबसे महात्वपूर्ण कारक माना जाता है। समूची दुनिया में परा विज्ञान की इस विधा को उसके सटीक परिणामों के कारण तेजी से स्वीकारा जा रहा है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि योग क्या चन्द आसनों के व्यवहारिक प्रयोग तक ही सीमित है या फिर उसका विस्तार मानवीय काया के साथ-साथ अन्य कारकों को भी नियंत्रित करता है। सनातन के प्राचीनतम वैज्ञानिक महर्षि पतंजलि ने कठिन परिश्रम करके 196 सूत्रों को खोजा और उसे प्रमुख रूप से चार भागों में विभाजित किया। पहले भाग में समाधि पाद के अन्तर्गत 51 विश्लेषण किये ताकि योग की मूल अवधारणा को स्पष्ट किया जा सके। दूसरे भाग में साधना पाद के अन्तर्गत 55 विश्लेषण किये जिसमें अष्टांग योग अर्थात योग के आठ चरण निरूपित किये गये हैं। इसमें मन और शरीर को स्वयं के नियंत्रण में रखने का विस्तार है। पहले चरण का विस्तार यम में अहिंसा, सत्य, अस्तेय अर्थात चोरी न करना, अपरिग्रह अर्थात संग्रह न करना और ब्रह्मचर्य के रूप किया गया है। दूसरे चरण का विस्तार नियम में शौच अर्थात पवित्रता, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान के रूप में किया गया है। तीसरे चरण का विस्तार आसन में शारीरिक स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए विभिन्न मुद्राओं के रूप में किया गया है। चौथे चरण का विस्तार प्राणायाम में श्वास-प्रश्वास पर नियंत्रण और जीवन ऊर्जा को बढ़ाने के रूप में किया। पांचवे चरण का विस्तार प्रत्याहार में इंद्रियों को बाहरी विषयों से हटाकर भीतर की ओर मोड़ने के रूप में किया। छठवें चरण का विस्तार धारणा में मन को किसी एक बिंदु या विषय पर केंद्रित करने के रूप में किया। सातवें चरण ध्यान में केंद्रित वस्तु या विचार का मन में निरंतर प्रवाहित होने के रूप में किया। दूसरे भाग का अन्तिम यानी आठवां चरण समाधि में ध्याता और ध्येय अर्थात ध्यान करने वाला और ईश्वर स्वयं के आपस में एकाकार हो जाने के रूप में किया। तीसरे भाग में विभूति पाद के अन्तर्गत 56 विश्लेषण किये ताकि ध्यान और समाधि की गहराई को समझा जा सके। अन्तिम यानी चौथे भाग में कैवल्य पाद के अन्तर्गत 34 विश्लेषण किये जिसमें अस्थाई सांसारिकता से मुक्ति पाकर वास्तविकता को समझा जा सके। महर्षि पतंजलि ने अपनी खोज को केवल शारीरिक व्यायाम तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि मानव के आन्तरिक संसार की समूची शक्तियों को जागृत करने, नियंत्रित करने और उसके माध्यम से कल्याणकारी वातावरण की संरचना करने तक का विस्तार दिया है। दुनिया भर को योग के वरदान से कल्याणकारी पथ पर अग्रसर करने हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विस्तार से योग की व्याख्या ही नहीं की बल्कि प्रस्ताव भी रखा जिसे भारी समर्थन मिला। परिणामस्वरूप विगत 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित कर दिया गया। इस प्रकार पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को आयोजित हुआ। इस दिवस को अपनी सुविधा, ज्ञान और व्यवस्था के अनुरूप विभिन्न देश स्वीकार रहे हैं। योग की अनुसंधान स्थली यानी भारत में भी योग के सीमित स्वरूप को ही अंगीकार किया जा रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 6131



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1998 को यहां अफ्रिका ने वेस्टइंडिज को हराकर क्रिकेट का मिनी वल्स कप जीता (2)
3. भारत में पहला भाप इंजन पश्चिम बंगाल में स्थित यहां के रेल कारखाने में 1950 को बनाया गया (5)
7. पूंछ, दूम, संपूर्ण जाति का शुद्ध स्वरों का एक राग (2)
8. लुआबा, लासा (2)
9. दो की संख्या, निग्रह, मृत्युदेव (2)
10. नया आया हुआ (4)
12. जल की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. अगर ऐसा न होगा तो (2)
14. पुरूष, मर्द (2)
15. निराश, नाउम्मीद, निरूत्साहित (3)
17. किसी नगर-कस्बे आदि का प्रवेश स्थल (2)
19. जल, बुनियाद, आदि कारण (2)
22. सहयोग, सहायता, इमदाद (3)
24. जो किया जाए, काम, क्रिया (2)
25. अज्ञात, अप्रसिद्ध (4)
26. माता सरस्वती का एक नाम (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ढलानयुक्त, अधोगामी, ढलवां (2)
2. कामचोरी करना (6)
3. दीपक, दीआ (3)
4. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध पार्श्वगायक (7)
5. भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जो लोकनायक नाम से भी जाने गए (सिर्फ आरंभिक नाम)(5)
6. हल्का गीला, आंशिक आर्द्र (2)
11. प्रहार, हमला करने की क्रिया (2)
12. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. नृत्य-गीत का मान, करतल ध्वनि (2)
18. आरजू, तमन्ना, हसरत (3)
20. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
21. गतिहीन, शक्तिहीन, लंगड़ा (2)
23. बल, कश, ताकत (2)
24. हाथ, हस्त, महसूल (2)

### वर्ग पहेली 6130 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लं | द | न | | म | ले | शि | या |
| बो | ल | | अ | जा | न | | दें |
| द | प | ट | ना | | दे | व | |
| र | ति | | मि | ल | न | सा | र |
| | | न | का | ब | | मु | श्क |
| मा | ल | वा | | | मु | क्त | |
| शू | | ग | र्द | | क | | शा |
| क | पू | त | | क | री | ब | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा और ऑफिस में आपकी मेहनत नोटिस की जा सकती है। जीवनसाथी से बातचीत करते समय शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें, छोटी बात भी तनाव बढ़ा सकती है। धन से जुड़े संयुक्त निर्णयों में पूरी पारदर्शिता रखें ताकि किसी भी तरह की गलतफहमी से बचा जा सके। टीम के साथ मिलकर किए गए।

### वृष
आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत है। इस समय बेवजह खर्च भविष्य की योजनाओं पर असर डाल सकता है। आज पुरानी बातों को भूलकर आगे बढ़ना सही रहेगा और रिश्तों में खुलकर बातचीत करना आपके संबंधों को और मजबूत बनाएगा। जिम्मेदारियों को आप पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### मिथुन
आज सभी चीजों का ध्यान रखना होगा। छोटे बच्चे किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना अच्छा महसूस कराएगा। आज आपको अपनी कमाई और खर्चों के बीच सही संतुलन बनाकर चलना होगा।

### तुला
आज का दिन समस्याएं लेकर आ सकता है। इस समय बिजनेस से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेने से पहले हर पहलू पर गंभीरता से विचार जरूर करें। लंबी अवधि के विकास से जुड़े निवेश इस समय आपका ध्यान खींच सकते हैं। आपको ऐशो-आराम की चीजों पर अत्यधिक धन खर्च करने से बचना चाहिए।

### वृश्चिक
आज दिन सामान्य रहेगा। हर काम धैर्य के साथ करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आज रिश्तों में अपनापन और प्रेम बढ़ने के संकेत हैं। मन में चल रही किसी चिंता का समाधान भी मिल सकता है।आर्थिक निर्णयों में आपको अपने परिवार का पूरा सहयोग मिल सकता है। आपको अपने खर्चों को लेकर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए।

### धनु
आज का दिन खास रहेगा और जीवनसाथी की ओर से मिला कोई खास सरप्राइज आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। दिन के दूसरे हिस्से में कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना भी बन रही है। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसान दे सकता है। परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का महसूस होगा।दोपहर के बाद बुधदेव कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

### कर्क
आज का दिन सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का रहेगा। गुस्से पर नियंत्रण रखना आज बेहद जरूरी रहेगा। समझदारी से लिया गया फैसला रिश्तों को बेहतर बना सकता है। किसी बात को लेकर मन थोड़ा परेशान रह सकता है, इसलिए शांत रहना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलने की संभावना बन रही है।

### सिंह
आज का दिन सामान्य लेकिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिले तो जरूर आगे बढ़ें। आपकी समझदारी और धैर्य हर परिस्थिति को संभालने में मदद करेंगे। किसी पुराने काम को दोबारा शुरू करने का विचार बन सकता है।किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे अच्छी तरह पढ़ लें।

### कन्या
आज दिन सामान्य रहेगा। सकारात्मक सोच बनाए रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अपनी बात बहुत सोच-समझकर कहने की जरूरत है, क्योंकि आपकी छोटी सी बात भी बड़ा असर डाल सकती है। लंबे समय से रुका हुआ कोई सरकारी काम पूरा होने के संकेत हैं।

### मकर
आज मनचाहा काम समय पर पूरा न होने से थोड़ी निराशा महसूस हो सकती है। इस समय परिवार से जुड़े मामलों में बाहरी लोगों की दखलअंदाजी से बचें। मानसिक तनाव को खुद पर हावी न होने दें। वाहन चलाते समय बिल्कुल लापरवाही न करें।अपने खातों की समीक्षा करने और पुराने रुके हुए भुगतानों को चुकाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### कुंभ
आज का दिन मुश्किलों भरा रहेगा, क्योंकि काम को बार-बार टालने की आदत आज आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। जिम्मेदारियों को गंभीरता से पूरा करना जरूरी होगा। कोई अधूरा काम पूरा होने से राहत महसूस होगी। संयम से काम लेना आपके लिए शुभ रहेगा।पेशेवर मामलों में अभी थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत पड़ सकती है। कुछ प्रोजेक्ट्स की गति आपकी उम्मीद से थोड़ी धीमी हो सकती है।

### मीन
आज का दिन खास रहेगा, क्योंकि आज आप सफलता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकते हैं। मेहनत का अच्छा फल मिलने की संभावना है। किसी नई योजना को लेकर मन में उत्साह बना रहेगा। परिवार में सकारात्मक माहौल बना रहेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को भी अच्छे अवसर मिल सकते हैं।आपको किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश और सट्टेबाजी से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# तिलक वर्मा का तूफान: 56 गेंद पर कूटे 136 रन, 259 का लक्ष्य किया चेज

● अमन राव की 142 रन की पारी हुई बेकार

**नई दिल्ली।** तिलक वर्मा ने अपनी कप्तानी में 21 जून को इंडिया ए को वनडे ट्राई नेशन सीरीज का चैंपियन बनाया था। उसके तुरंत बाद वह तेलंगाना लीग में अपनी टीम मेडक फाल्कन्स के लिए खेलने हैदराबाद पहुंच गए। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान तिलक ने आयरलैंड दौरे से पहले अपनी टी20 की तैयारियों का प्रदर्शन किया और 56 गेंद पर 136 रन कूट दिए। इसी के साथ मेडक की टीम ने 259 रन का लक्ष्य चेज कर लिया।

इसी मुकाबले में वारंगल वॉरियर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी अमन राव पेराला ने 48 गेंद पर 142 रन ठोके थे, जिसमें 32 गेंद पर ऐतिहासिक शतक भी आया था। उसके बाद तिलक के तूफान में अमन की यह पारी बेकार हो गई। पहले खेलते हुए वारंगल की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 258 रन बनाए थे। जवाब में मेडक फाल्कन्स ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 259 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



### तिलक वर्मा के स्ट्राइक रेट पर उठ रहे थे सवाल

हाल ही में खत्म हुई वनडे ट्राई सीरीज में तिलक वर्मा इंडिया ए के टॉप स्कोरर थे, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सवालों के घेरे में था। उससे पहले आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा था। अब तिलक ने आयरलैंड दौरे पर पहली बार उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालने से पहले ऐलान कर दिया है फॉर्म में वापसी का। तिलक वर्मा ने 43 गेंद पर इस पारी में शतक जड़ा। उन्होंने इसके बाद सेलिब्रेशन नहीं किया लेकिन अंत में जब टीम को उन्होंने 259 के लक्ष्य तक पहुंचाया तब वह खुशी से उछल पड़े। तिलक ने 56 गेंद में 136 रन की पारी खेली जिसमें 14 चौके 7 छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 242.86 का रहा।

# IPL 2027: नहीं बदलेगा CSK का कोच

लगातार 2 खराब सीजन के बाद भी फ्लेमिंग रहेंगे बरकरार



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 और 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद भी चेन्नई सुपर किंग्स की कोचिंग सेटअप में बदलाव की संभावना नहीं है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफेन फ्लेमिंग मुख्य कोच बने रहेंगे। वह आईपीएल 2008 से ही चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। 2009 में वह कोच बने थे।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स को अभी भी स्टीफन फ्लेमिंग पर भरोसा है, जिनके कोच रहते टीम 5 बार खिताब जीती है। चेन्नई सुपर किंग्स का फैनबेस टीम को जूझते हुए देखकर बदलाव चाह रहा था। सोशल मीडिया पर फ्लेमिंग को हटाने को लेकर कैंपेन भी चले। इसके बाद भी फ्रैंचाइजी में बदलाव की उम्मीद नहीं है। फ्लेमिंग कम से कम अगले सीजन तक हेड कोच बने रहेंगे।

# मेसी नंबर-1: एमबाप्पे से मिल रही कड़ी चुनौती

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा विश्वकप 2026 में लियोनल मेसी ने एक और ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने उनके नाम को फुटबॉल इतिहास में और ऊंचा कर दिया। ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप-जे मुकाबले में दो गोल दागकर अर्जेंटीना के कप्तान विश्वकप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। 39वें जन्मदिन से ठीक पहले मेसी ने अपना कुल आंकड़ा 18 गोल तक पहुंचा दिया और मिरोस्लाव क्लोज का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

हालांकि, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बीच फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे भी लगातार सुर्खियों में हैं। इराक के खिलाफ दो गोल करने के बाद उनके विश्वकप गोलों की संख्या 16 हो गई है। महज 16 मैचों में 16 गोल दाग चुके एमबाप्पे भविष्य में मेसी के रिकॉर्ड के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं।

### ऑस्ट्रिया के खिलाफ मेसी ने रचा इतिहास

मेसी ने मैच के शुरुआती दौर में एक पेनल्टी गंवा दी थी, लेकिन इससे उनका आत्मविश्वास नहीं डिगा। पहले हाफ के अंत में उन्होंने बाएं पैर से शानदार फिनिश करते हुए विश्वकप का अपना 17वां गोल किया और क्लोज को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद इंजरी टाइम में जूलियन अल्वारेज के शॉट पर रीबाउंड को गोल में बदलकर उन्होंने मैच में अपना दूसरा और विश्वकप करियर का 18वां गोल दागा। इस प्रदर्शन की बदौलत अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया और राउंड ऑफ-32 में जगह बना ली।

### क्लोज ने पहले ही कर दी थी भविष्यवाणी

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही मिरोस्लाव क्लोजे ने माना था कि मेसी उनका रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। क्लोज ने फीफा से कहा था, 'मेसी सिर्फ मेसी हैं। मैं हमेशा उनकी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता और मैदान पर उनके व्यवहार का प्रशंसक रहा हूं। उन्होंने हमेशा अपनी टीम को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने फुटबॉल के लिए जो किया है, उसके लिए मैं उन्हें सलाम करता हूं।'

फीफा विश्वकप 2026



**06**

**विश्वकप खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल**

मेसी विश्वकप के छह संस्करण खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने 2006 में सर्बिया और मोंटेनेग्रो के खिलाफ अपना पहला विश्वकप गोल किया था। इसके बाद से वह पांच अलग-अलग विश्वकप संस्करणों में गोल करने का कारनामा कर चुके हैं। जब उनसे उनके पसंदीदा विश्वकप गोल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो मुझे अभी याद नहीं है। मैं थका हुआ हूं और बस इस पल का आनंद लेना चाहता हूं।'

# फ्रांस ने इराक को 3-0 से हराया, राउंड ऑफ-32 में एंट्री

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** किलियन एमबाप्पे के बारे में कहा जाता है कि उनमें महान फुटबॉलर बनने की क्षमता है। इस बात को एमबाप्पे ने बीती रात साबित किया। उनके दो गोलों के दम पर फ्रांस ने ग्रुप-आई के मैच में इराक को 3-0 से हरा दिया। इसी के साथ फ्रांस ने फीफा वर्ल्ड कप-2026 के अगले दौर में जगह पक्की कर ली है।

इस मैच से पहले अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को मात दी और इसमें मेसी ने दो गोल करते हुए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उनके अब 18 गोल हो गए हैं। इस मामले में उन्हें एमबाप्पे चुनौती दे रहे हैं। इराक के खिलाफ दो गोल करते हुए एमबाप्पे ने विश्व कप में अपने गोलों को संख्या 16 तक पहुंचा दी है और वह अब मेसी की बराबरी करने से दो गोल ही पीछे हैं।

### बारिश के कारण हुई देरी

इस मैच की बारिश ने खलल डाला। दूसरे हाफ की शुरुआत में दो घंटे 21 मिनट की देरी हुई। तूफान के साथ-साथ बारिश ने दर्शकों और खिलाड़ियों को काफी परेशान किया। जैसे ही मैच शुरू हुआ एमबाप्पे का जादू देखने को मिला। उन्होंने 14वें मिनट में ही गोल कर दिया। एमबाप्पे ने पेनाल्टी एरिया से गोल पोस्ट के बाएं कोने में गेंद को नेट में डाल अपना और टीम का खाता खोला।लेकिन इस गोल के बाद ये टीम संघर्ष करती रही और पहले हाफ में दूसरा गोल नहीं कर पाई। इराक ने अपने मजबूत डिफेंस से फ्रांस के प्रयासों को नाकाम किया। इराक ने गेंद को ज्यादा समय तक अपने पास ही रखा।

### दूसरे हाफ में हावी फ्रांस

इराक की कोशिश थी कि वह वापसी करे, लेकिन उसकी एक गलती ने फ्रांस को बढ़त दिला दी। इराक के गोलकीपर अहमद बासिल 54वें मिनट में गेंद को अपने काबू में रख नहीं पाए और उनकी गलती का फायदा एमबाप्पे ने उठाते हुए उसे आसानी से नेट में डाल दिया। इराक की टीम यहां कमजोर पड़ गई थी। आखिरी 20 मिनट में उसके पास दो मौके आए और दोनों बार वह नाकाम रही। वहीं फ्रांस ने अपना तीसरा गोल 66वें मिनट में मार दिया था। ओसमाने डेमबेले ने ये गोल किया। एमबाप्पे के पास भी हैट्रिक लेने का मौका आया था जिसे वो भुना नहीं पाए।

# मानव सुथार का इंग्लैंड में जलवा, काउंटी क्रिकेट में झटके 5 विकेट

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के लिए यादगार टेस्ट डेब्यू करने के कुछ ही दिनों बाद सुथार ने इंग्लैंड की प्रतिष्ठित काउंटी चैंपियनशिप में भी अपनी छाप छोड़ दी। वारविकशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने समरसेट के खिलाफ पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया।

वारविकशायर ने मानव सुथार को दो मैचों के लिए अपनी टीम में शामिल किया था। समरसेट के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने दूसरी पारी में 46.5 ओवर गेंदबाजी करते हुए 100 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। पहली पारी में भी उन्होंने 18 ओवर में 50 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। इस तरह पूरे मैच में उन्होंने सात विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया।

मानव सुथार ने अपने दो मैचों के काउंटी करियर का शानदार अंत किया। उन्होंने दो मुकाबलों में कुल 11 विकेट हासिल किए। इससे पहले यॉर्कशायर के खिलाफ अपने काउंटी डेब्यू मैच में भी उन्होंने चार विकेट झटके थे। भारत के लिए टेस्ट डेब्यू और उसके बाद काउंटी में लगातार शानदार प्रदर्शन ने उनकी गेंदबाजी की खूब चर्चा कराई है।



# इंग्लिश ओपन में भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार का धमाका, विदेश में बनाया सीजन का बेस्ट रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने इंग्लैंड के वॉर्सेस्टर स्थित द वेल गोल्फ क्लब में खेले गए इंग्लिश ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस सीजन का विदेश में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किया। होटलप्लानर टूर के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उन्होंने संयुक्त 12वें स्थान पर रहते हुए सप्ताह का समापन किया। वह टॉप-10 में जगह बनाने से महज एक शॉट से चूक गए।27 वर्षीय सप्तक ने अंतिम राउंड में चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेला और कुल 10 अंडर पार के स्कोर के साथ प्रतियोगिता समाप्त की।

# भारत खिलाफ ब्रूक कप्तान, कार्स-ओवर्टन बाहर

● 3 खिलाड़ियों की वापसी, भारत से T20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने सोमवार (22 जून) को भारत के खिलाफ 1 जुलाई से 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान क दिया। हैरी ब्रूक की अगुआई वाली टीम में 17 खिलाड़ियों को चुना गया है। जॉर्डन कॉक्स, सोनी बेकर और साकिब महमूद की टीम में वापसी हुई है। तीनों टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं थे। ब्रायडन कार्स और जेमी ओवर्टन चोटिल होने के कारण नहीं चुने हए। ऑलराउंडर जेम्स कोल्स नए चेहरे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद इंग्लैंड की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। टूर्नामेंट में हैरी ब्रूक की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल खेली। जैकब बेथल की शानदार पारी के बाद भी भारत से उसे हाई स्कोरिंग मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

### जैकब बेथल-सैम करन का चयन

इंग्लैंड की टीम में जैकब बेथल और सैम करन को भी चुना गया है। बेथल चोट के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल 2026 पूरा नहीं खेल पाए थे। करन भी चोटिल होने के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए उपलब्ध नहीं थे। ओवर्टन को चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ही खेलते हुए चोट लगी थी।

**बटलर के लिए सीरीज अहम–** भारत के खिलाफ सीरीज में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर पर निगाहें होंगी। टी20 वर्ल्ड कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। 2026 में उन्होंने इंग्लैंड के लिए 11 मैच खेले हैं और 11 पारियों में 15.27 के औसत और 124.44 के स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं। बटलर को आईपीएल 2026 में अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला। गुजरात टाइटंस के लिए उन्होंने 17 पारियों में 37.57 के औसत और 152.46 के स्ट्राइक रेट से 526 पन बनाए। इसमें 4 शतक शामिल हैं।

# जर्मनी को बड़ा झटका, स्टार डिफेंडर निको टूर्नामेंट से बाहर




**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट चरण से पहले जर्मनी की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख डिफेंडर निको श्लोटरबेक गंभीर टखने की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें आइवरी कोस्ट के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी।जर्मनी ने आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, लेकिन इस जीत की खुशी श्लोटरबेक की चोट ने फीकी कर दी। मुकाबले के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी, जिसके बाद मेडिकल टीम ने उनका उपचार किया। हालांकि, उन्होंने खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन दर्द बढ़ने के कारण उन्हें हाफ टाइम में मैदान छोड़ना पड़ा।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमआरआई स्कैन में श्लोटरबेक के बाएं टखने के मेडियल लिगामेंट को नुकसान पहुंचने की पुष्टि हुई है। इस तरह की चोट से उबरने में आमतौर पर करीब दो महीने का समय लगता है। ऐसे में उनका विश्व कप में वापसी करना संभव नहीं है।श्लोटरबेक ने टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया था और वह जोनाथन ताह के साथ जर्मनी की डिफेंस का अहम हिस्सा बन चुके थे।

# जब ईयर फोन लगा मैदान पर उतरे क्रोनिए-डोनाल्ड

गांगुली ने पकड़ा, नहीं हुई कोई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** क्रिकेट में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है। रिप्ले से लेकर रिव्यू तक टेक्नोलॉजी की वजह से ही संभव हो पाया है। हालांकि, मैदान पर खिलाड़ियों के टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से परहेज ही किया जाता रहा है। इसका कारण है कि किसी टीम को अनुचित लाभ न मिले। इसका फायदा सट्टेबाज उठा सकते हैं और मैच फिक्सिंग तक हो सकती है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का फोन मैच शुरू होने से पहले जमा करा दिया जाता है। यही कारण है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर के डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने पर बवाल हो गया था। हालांकि, 1999 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के कप्तान दिवंगत हैंसी क्रोनिए और एलन डोनाल्ड ईयर फोन लगाकर भारत के खिलाफ मैच में मैदान पर उतर गए थे।



कोच दिवंगत वॉब वूल्मर उन्हें ड्रेसिंग रूम से निर्देश दे रहे थे। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने यह जान गए थे, जिसके बाद दोनों को ईयरफोन हटाना पड़ा, लेकिन उन्हें कोई सजा नहीं हुई।

**क्रोनिए और डोनाल्ड ने इयरपीस लगाए हुए थे–** मामला 15 मई 1999 का है जब साउथ अफ्रीका टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में भारत के खिलाफ मैदान पर उतरा तो क्रोनिए और डोनाल्ड ने इयरपीस लगाए हुए थे। पहले बैटिंग कर रही भारतीय टीम को इस पर ध्यान देने में कुछ समय लगा। टीवी पर कमेंटेटर्स ने शुरू में इसे देखा। जल्द ही सचिन तेंदुलकर के साथ ओपनिंग करने वाले सौरव गांगुली का इस पर ध्यान गया। उनहोंने इसके बारे में अंपायरों को बताया।

# नीतीश आयरलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर, सूर्यांश बने रिप्लेसमेंट



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से पहले बड़ा झटका लगा है। युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशी) में चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, उनके बाएं क्वाड्रिसेप्स में सूजन और मांसपेशियों में चोट (फाइबर डिसरप्शन) पाई गई है, जिसके बाद उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

नीतीश को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान यह चोट लगी थी। शुरुआती आकलन में चोट ज्यादा गंभीर नहीं लग रही थी, लेकिन एमआरआई रिपोर्ट आने के बाद स्थिति चिंताजनक पाई गई। माना जा रहा है कि उनकी रिकवरी में कम से कम चार सप्ताह का समय लगेगा, जबकि रिहैब में इससे ज्यादा समय भी लग सकता है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज भी मिस करना तय माना जा रहा है। चयनकर्ताओं ने युवा ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। मुंबई के इस खिलाड़ी ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है और आईपीएल में भी अपनी उपयोगिता साबित की है।

### अहम भूमिका निभाने वाले थे

नीतीश रेड्डी को इस दौरे पर खास जिम्मेदारी मिलने वाली थी। वह हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में टीम के प्रमुख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले थे। हार्दिक भी क्वाड्रिसेप्स की समस्या से जूझ रहे हैं और फिलहाल वनडे क्रिकेट में लगातार 10 ओवर गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में नीतीश का बाहर होना टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में संतुलन प्रदान करते हैं।23 वर्षीय नीतीश अब तक भारत के लिए 10 टेस्ट, छह वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने दो मैच खेले थे, जबकि लखनऊ में खेले गए दूसरे वनडे से वह बाहर रहे थे।

### बढ़ी हुई रफ्तार बनी वजह

क्रिकेट जगत में यह भी चर्चा है कि स्वतंत्र तेज गेंदबाजी कोच स्टीफन जोन्स के साथ काम करने के बाद नीतीश की बॉलिंग स्पीड में काफी इजाफा हुआ। उनकी रफ्तार 120 किमी प्रति घंटे के उत्तरार्ध से बढ़कर 130 किमी प्रति घंटे के मध्य तक पहुंच गई। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि शरीर इस अचानक बढ़ी हुई गति की मांग के अनुरूप खुद को पूरी तरह ढाल नहीं पाया, जिससे चोट का जोखिम बढ़ गया। भारतीय टीम पहले आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मुकाबले खेलेगी, जिसके बाद इंग्लैंड दौरे पर पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। लेकिन मौजूदा मेडिकल स्थिति को देखते हुए नीतीश का इंग्लैंड दौरे में भी खेलना लगभग नामुमकिन माना जा रहा है।

## न्यूज बाइट्स

### 11-12 जुलाई को होगा मातृ-पितृ वंदन महोत्सव, तैयारियां तेज

बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)। आगामी 11 एवं 12 जुलाई को आयोजित होने वाले मातृ-पितृ वंदन महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महोत्सव को भव्य, दिव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले एवं प्रदेश के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस संबंध में निर्णय जनेश्वर विकास केंद्र एवं बासमती सेवा केंद्र की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक का आयोजन बासमती-जनेश्वर पुस्तकालय परिसर, चैनपुर में उमेश चंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। नेश्वर विकास केंद्र के सचिव एवं महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मातृ-पितृ वंदन महोत्सव को भव्य एवं दिव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव की सफलता के लिए पूरे जिले में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसे लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

### एनएमसीजी की समीक्षा बैठक में खनन गतिविधियों के प्रभावी विनियमन पर हुई चर्चा

# सोन नदी में पर्यावरण-अनुकूल बालू खनन पर जोर, अवैध खनन पर होगी सख्त कार्रवाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोन नदी के संवेदनशील क्षेत्रों में बालू खनन गतिविधियों के विनियमन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने औरंगाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेते हुए जिले में बालू खनन की वर्तमान स्थिति, निगरानी व्यवस्था एवं नियंत्रणात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बालू खनन केवल स्वीकृत खनन योजना के अनुरूप ही किया जाए तथा डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) के आधार पर ही खनन क्षेत्रों का चयन एवं पट्टा आवंटन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वार्षिक रेत पुनर्भरण अध्ययन (वार्षिक पुनःपूर्ति अध्ययन) के आधार पर खनन योग्य रेत की मात्रा निर्धारित करने, निर्धारित खनन गहराई एवं पट्टा सीमा का कड़ाई से पालन करने तथा पुलों, तटबंधों, जलापूर्ति संरचनाओं एवं पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के समीप खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि औरंगाबाद जिले में सोन नदी से बालू खनन रेत खनन के लिए प्रवर्तन और निगरानी संबंधी दिशानिर्देश-2020, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा बिहार बालू खनन नीति, 2019 के प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ईएमजीएसएम-2020 का उद्देश्य वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं पर्यावरण-अनुकूल बालू खनन सुनिश्चित करना तथा तकनीक आधारित निगरानी और सख्त प्रवर्तन व्यवस्था के माध्यम से अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन नियमित रूप से निगरानी, निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधित) नियमावली, 2026 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। बैठक में बालू खनन गतिविधियों के प्रभावी विनियमन, पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन तथा अवैध खनन पर नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी, प्रभावी प्रवर्तन एवं आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया।

## उपेंद्र नाथ वर्मा ने औरंगाबाद के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में संभाला पदभार



औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)। बिहार सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण एवं पदस्थापन आदेश के तहत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने मंगलवार को औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद समाहरणालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। पारंपरिक स्वागत समारोह के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने नवपदस्थापित एसपी का स्वागत किया। इस अवसर पर उपेंद्र नाथ वर्मा ने परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों और जवानों से परिचय प्राप्त किया। उपेंद्र नाथ वर्मा राज्य के विभिन्न जिलों और महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था के प्रभावी संचालन के क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान रही है। प्रशासनिक दक्षता और जनसरोकार से जुड़ी कार्यशैली के कारण उन्हें एक अनुभवी एवं सक्रिय पुलिस अधिकारी माना जाता है।

# नवस्थापित दो राजकीय डिग्री कॉलेजों की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, एक जुलाई से शुरू होगी पढ़ाई

- ओबरा और मदनपुर कॉलेजों में फर्नीचर, रंग-रोगन, सुरक्षा व नामांकन व्यवस्था समय पर पूरी करने का निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



डीएम अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ओबरा एवं राजकीय डिग्री महाविद्यालय, मदनपुर के संचालन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 1 जुलाई 2026 से दोनों महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां हर हाल में शुरू कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। बैठक में बताया गया कि दोनों महाविद्यालयों में फर्नीचर, उपकरण, स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की खरीद के लिए अल्पकालीन निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा कार्यादेश जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) द्वारा दोनों महाविद्यालयों के भवनों में रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य भवन को ग्रे तथा बॉर्डर को मैरून रंग से रंगने का कार्य अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने स्थायी परिसर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 2.5 एकड़ तथा ग्रामीण क्षेत्र में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए अपर समाहर्ता (राजस्व) को आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध भेजा गया है। महाविद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने दोनों कॉलेजों में तीन-तीन चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक को अनुरोध भेजने की जानकारी ली। साथ ही दोनों महाविद्यालयों में अलग-अलग विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में यह भी बताया गया कि अतिरिक्त वर्गकक्षों के निर्माण तथा भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य के लिए स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है और प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को संबंधित विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित कर समय पर नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 25 जून 2026 को विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी तथा 1 जुलाई 2026 से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोनों नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में 1 जुलाई से निर्बाध रूप से पठन-पाठन प्रारंभ हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीओ (सर्व शिक्षा अभियान) भोला कर्ण सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला हत्या मामले में बाप-बेटे दोषी करार, सात जुलाई को सुनाई जाएगी सजा, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद ने दाउदनगर थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई महिला हत्या के चर्चित मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी बाप-बेटे को हत्या का दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश (नवम) की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें एवं साक्ष्यों पर सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया। मामले में 7 जुलाई 2026 को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी, जिसके बाद अदालत सजा का एलान करेगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 20 मई 2023 की सुबह दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव की है। मृतका संजु कुंअर शौच से लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में आरोपी शिवम कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शिवम ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जबकि उसके पिता रंजीत चंद्रवंशी ने लाठी से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल संजु कुंअर की इलाज के दौरान 22 मई 2023 को मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी धारदार हथियार से चोट लगने की पुष्टि हुई थी।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एपी राजाराम चौधरी ने बताया कि अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों के आधार पर दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत दोषी पाया। फैसला सुनाए जाने के बाद अदालत ने रंजीत चंद्रवंशी का जमानत बांड रद्द कर उसे भी उसके पुत्र शिवम कुमार के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। मामले के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल छह गवाह प्रस्तुत किए गए। इनमें सूचक नीरज कुमार, लालमुनी देवी और रिंकी देवी सहित अन्य गवाहों ने घटना का समर्थन किया। पूर्व में अदालत ने इस मामले में धारा 341, 323, 326, 307, 302 एवं 34 के तहत संज्ञान लिया था। फैसला सुनाए जाने के दौरान अदालत परिसर का माहौल भावुक हो गया। मृतका का नाबालिग पुत्र विकी कुमार, जो वर्तमान में आठवीं कक्षा का छात्र है, भी अदालत में मौजूद था। न्यायालय के फैसले के बाद उसने अपनी मां को न्याय मिलने पर संतोष जताया।

# पुलिस अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

- एनआईसी और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम, लाइव इंस्टॉलेशन के साथ दी गई तकनीकी जानकारी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभाकक्ष में मंगलवार को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, बिहार एवं जिला सूचना विज्ञान केंद्र, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के नवीन संस्करण सीएएस 1.0 के सफल क्रियान्वयन को लेकर एकदिवसीय लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न थाना अध्यक्षों, पुलिस पदाधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वर्तमान में जिले के सभी थानों में सीसीटीएनएस प्रणाली पुराने संस्करण पर संचालित हो रही है, जिसे चरणबद्ध तरीके से उन्नत सीएएस 1.0 संस्करण में परिवर्तित किया जा रहा है। नई प्रणाली लागू होने के बाद राज्य स्तर पर विभिन्न थानों एवं जिलों के आंकड़ों का केंद्रीकृत अवलोकन, निगरानी और प्रतिवेदन तैयार करना अधिक सरल, प्रभावी एवं पारदर्शी होगा। इससे डेटा प्रबंधन, मॉनिटरिंग, अपराध विश्लेषण तथा रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में भी गति और दक्षता आएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, बिहार डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने सीएएस 1.0 प्रणाली के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रणाली से संबंधित तकनीकी एवं प्रायोगिक जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही एनआईसी, औरंगाबाद की तकनीकी टीम के सहयोग से संबंधित कंप्यूटर प्रणालियों में सीएएस 1.0 सॉफ्टवेयर का लाइव इंस्टॉलेशन भी कराया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ऋतिक आनंद ने कहा कि नई प्रणाली के लागू होने से पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता और तकनीकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में भी गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन एवं तकनीकी सहयोग में सीसीटीएनएस प्रोग्रामर विनोद कुमार चौबे (पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद), डीआरएम प्रबंधक राहुल कुमार तथा एनएफओ प्रमोद कुमार एवं जगदीश पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पैदल घर लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित गेमन पुल के समीप मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। डेहरी से मजदूरी कर पैदल अपने घर लौट रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के नवनेर गांव निवासी गोरख राजवंशी के 32 वर्षीय पुत्र अवधेश राजवंशी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अवधेश राजवंशी बेहद गरीब परिवार से था और रोजाना डेहरी जाकर मजदूरी करता था। मंगलवार को भी वह काम खत्म कर पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गेमन पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस एवं परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घायल अवस्था समझकर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे।

शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीण विक्की कुमार ने बताया कि अवधेश परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी कमाई से ही पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। करीब दस वर्ष पूर्व उसकी शादी चांदनी देवी से हुई थी। उनकी एक बेटी थी, जिसकी बीमारी के कारण पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अब अवधेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नगर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनायी गयी पुण्य तिथि

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नगर भाजपा दाउदनगर ने कल मंगलवार को स्थानीय सत्संग नगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनायी। अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा के नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने किया। कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी के तैल-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया फिर उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय राजनीति में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अविस्मरणीय योगदान रहा है। काश्मीर को स्वतंत्र कराने एवं भारत के विभिन्न भागों को एक सूत्र में बांधने का श्रेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जाता है। डॉ. मुखर्जी देश में दो संविधान के घोर विरोधी रहे। उन्होंने अपने चिंतन एवं राष्ट्रवादी विचारधारा से भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। भाजपा उनका अनुसरण कर रही है। हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता उनके बतायें गये सिद्धांतों को पालन करते हुये पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहें हैं।

# विधायक ने किया औरंगाबाद में सीएसबी बैंक की नई शाखा का शुभारंभ, आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का मिलेगा लाभ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के रमेश चौक स्थित डॉ. रामाशीष सिंह अस्पताल जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को सीएसबी बैंक लिमिटेड की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, शहर के प्रतिष्ठित ठेकेदार अरविंद सिंह एवं संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि औरंगाबाद संभावनाओं का जिला है और यहां विकास की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में नए बैंक की स्थापना इस बात का संकेत है कि वहां आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और लोगों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीएसबी बैंक युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण, छोटे कारोबारियों को वित्तीय सहायता तथा किसानों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराकर जिले के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बैंक अधिकारियों ने बताया कि सीएसबी बैंक लिमिटेड दक्षिण भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी। वर्तमान में देशभर में बैंक की 861 से अधिक शाखाएं संचालित हैं। बैंक विशेष रूप से डिजिटल बैंकिंग, एमएसएमई फाइनेंसिंग तथा गोल्ड लोन सेवाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि बिहार में शाखाओं के विस्तार के साथ बैंक खुदरा ग्राहकों, छोटे व्यवसायियों, व्यापारियों एवं किसानों को आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। नई शाखा में बचत एवं चालू खाता, डिजिटल बैंकिंग, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन, गोल्ड लोन तथा निवेश संबंधी विभिन्न सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। बैंक का लक्ष्य ग्राहकों को तेज, पारदर्शी एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। साथ ही राज्य में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे। समारोह में ब्रांच मैनेजर धीरज कुमार सिंह, क्लस्टर हेड प्रवीण मिश्रा, गया शाखा प्रबंधक योगेंद्र कुमार, जोनल हेड गौरव महाजन सहित बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कांग्रेस नेता चुलबुल सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद 'मुन्ना', भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, वार्ड पार्षद सुशील सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, रामरूप सिंह, टूना प्रसाद गुप्ता, अविनाश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### सिपाही भर्ती परीक्षा के निष्पक्ष संचालन को लेकर बैठक आयोजित

# आज 13 केंद्रों पर होगी परीक्षा, कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी के बीच होगा आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा विज्ञापन संख्या-01/2026 के तहत विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित योजना भवन सभागार में ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने की। बैठक में परीक्षा संचालन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि लिखित परीक्षा 24 जुलाई 2026 को एकल पाली में दो प्रश्नपत्रों के माध्यम से आयोजित होगी। पहला प्रश्नपत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरा प्रश्नपत्र दोपहर 12:00 बजे से 1:30 बजे तक होगा।

औरंगाबाद जिले में परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को परीक्षा शुरू होने से कम-से-कम तीन घंटे पहले अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को सुबह 8:00 बजे से सघन फ्रिस्किंग के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की प्रक्रिया सुबह 9:00 बजे तक ही चलेगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि अभ्यर्थी केवल प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लेखन सामग्री अथवा अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं परीक्षा केंद्र में पूरी तरह निषिद्ध रहेंगी। किसी भी अभ्यर्थी के पास प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर उसे कदाचार माना जाएगा और संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भरत तिवारी को दी गयी श्रद्धांजलि

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। भोजपुर जिले के बेलौटी गांव निवासी भरत तिवारी की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के मामले को लेकर मंगलवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर दिवंगत भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाणक्य परिषद के प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार द्विवेदी ने की, जबकि संचालन सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं समाजसेवी कमलेश कुमार विक्कल ने किया। उपस्थित लोगों ने भरत तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भरत तिवारी को भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाला निर्भीक व्यक्ति बताया।

# वेद मंत्रोच्चार के बीच सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का शुभारंभ, छह जुलाई तक जुटेंगे श्रद्धालु

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थस्थल सत्यचंडी धाम, रायपुरा में मंगलवार को आद्रा मेला का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति से पूरा धाम भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। मेला का उद्घाटन औरंगाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी रमन सिन्हा, अंचलाधिकारी अनुज कुमार, पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह, न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह, कल्पवृक्ष धाम परता के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, दोमुहान महोत्सव के अध्यक्ष सिहेश सिंह, मां जौहरिया एवं सीता थापा महोत्सव के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी, पंचायत समिति सदस्य उदय पासवान, पतंजलि सेवा समिति के व्यवस्थापक विनोद कुमार तथा सत्यचंडी धाम के पुजारी जयश्री बाबा सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर आचार्यों ने माता सत्यचंडी की आराधना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया, जिससे पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। अपने संबोधन में बीडीओ रमन सिन्हा ने कहा कि सत्यचंडी धाम अत्यंत पवित्र, रमणीय एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक स्थल के समग्र विकास के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके संरक्षण एवं सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। अंचलाधिकारी अनुज कुमार ने माता सत्यचंडी की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था वर्षों से बनी हुई है।

# अष्टभुजी धाम पिपरा में आद्रा नक्षत्र पाक्षिक मेला का हुआ शुभारंभ



निज संवाददाता | बारूण(औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड स्थित अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में आद्रा नक्षत्र पाक्षिक मेला का शुभारंभ विशेष पूजा पाठ के साथ किया गया।अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा के नेतृत्व में माता अष्टभुजी धाम परिसर स्थित मां अष्टभुजी एवं अन्य देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात लगातार 16 दिनों तक लगने वाले आद्रा पाक्षिक मेला की शुरुआत विधिवत पूजा पाठ के साथ किया गया। आद्रा नक्षत्र के अवसर पर अष्टभुजी धाम में 16 दिनों तक माता के दर्शन एवं पूजा पाठ करने वाले भक्तों की भीड़ लगती है। आद्रा नक्षत्र शक्ति उपासना का महत्वपूर्ण नक्षत्र माना जाता है इसमें किए गये पूजा-पाठ विशेष फलदाई तो होते ही हैं साथ ही साथ कृषक कार्य की शुरुआत इसी नक्षत्र में हो जाती है। मौके पर सुरेश विद्यार्थी, पूर्व मुखिया अजय राम,आलोक कुमार गुप्ता, लालमोहर प्रजापति, कर्मदेव पाल, समाजसेवी श्रीपति साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति ने औरंगाबाद के कॉलेजों का किया औचक निरीक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



गर्मी की छुट्टियों के बाद महाविद्यालयों में शुरू हुए शैक्षणिक कार्यों का जायजा लेने के लिए मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद, किशोरी सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद तथा एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी का दौरा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कक्षा संचालन, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की मौजूदगी तथा महाविद्यालय परिसर की समग्र व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सभी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किशोरी सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में निरीक्षण के दौरान कुलपति ने शिक्षकों की उपस्थिति, नियमित कक्षा संचालन और अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि नियमित पठन-पाठन और शैक्षणिक अनुशासन ही किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान होते हैं।

वहीं एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी में कुछ शिक्षकों की अनुपस्थिति पाए जाने पर कुलपति ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रशासन को शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद शैक्षणिक गतिविधियां पुनः प्रारंभ हो चुकी हैं। ऐसे में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।